## एक नजर

### सर्पदंश से महिला की हालत बिगड़ी

**बीसलपुर** : ग्राम दुगीपुर बड़गवां निवासी नरेश कुमार की पत्नी रामश्री रविवार को घर के पीछे लगे पेड़ से पत्ते तोड़ने गई थी वह पेड़ से पत्ते तोड़ रही थी। इसी दौरान घास में छुपे सांप ने डस लिया। महिला की हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी लाए। प्रारंभिक इलाज के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### गलत ऑपरेशन से नवजात की मौत का आरोप

**अमरिया, अमृत विचार** : क्षेत्र की एक महिला को कस्बे के निजी अस्पताल में प्रसव के लिए 31 अगस्त को भर्ती कराया गया था। वहां पर ऑपरेशन के बाद एक बच्चे का जन्म हुआ। बच्चे की मौत हो गई। महिला के परिजन ने गलत इलाज से मौत का आरोप लगाया। पीड़िता निशा बी की ओर से सीएचसी प्रभारी को शिकायत पत्र दिया गया है। उधर, पुलिस घटना की जानकारी से अनभिज्ञता जता रही है।

# स्वास्थ्य विभाग शहर में आभाहीन, अमरिया में चमका

## मंडलीय समीक्षा में अमरिया और बरखेड़ा के दम पर जिले को मिला पहला स्थान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **शहर में 2,196,812 के सापेक्ष सिर्फ 1,149,845 लोगों की अब तक बन पाई है आभा आईडी**

**अमृत विचार** :अगर आपका मेडिकल रिकॉर्ड बार-बार खो जाता है। जिस वजह से बार-बार पर्चा बनवाना पड़ता है। जिसमें काफी परेशानियां उठानी पड़ती है। इस समस्या का निदान करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य डिजिटल कार्ड की शुरुआत की गई थी। जिससे आभा आईडी का नाम दिया है। इस योजना के तहत अब किसी भी मरीज की पुरानी बीमारी, जांच रिपोर्ट और दवाओं की जानकारी एक क्लिक पर सामने होगी। मरीजों की आभा आईडी बनाई जा रही है, इस आईडी पर अब मरीजों की जिंदगी भर के इलाज की कुंडली बनाई जा रही है। जिसको लेकर शासन भी गंभीर है। भले ही जिला मंडल में प्रथम पायदान पर रहा हो, लेकिन शहर क्षेत्र में आभा आईडी बनाने का कार्य सुस्त गति से चल रहा है। हालांकि सबसे अच्छा रिकॉर्ड अमरिया और बरखेड़ा ने दर्ज कराया है। इस वजह से जिले को मंडल में प्रथम स्थान मिला है।

> आभा आईडी को लेकर लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है। तेजी से कार्ड का लक्ष्य पूरा होने की वजह से ही जिले को मंडल में प्रथम स्थान मिला है। शहरी क्षेत्र में कम आईडी बनाई गई है। इसको लेकर आशा और अन्य लोगों को सतर्कता बरतने के लिए कहा गया। 50 फीसद से अधिक आईडी बना ली गई हैं। 75 फीसदी तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। सभी लोग अपनी आभा आईडी जरूर बनवा लें। - **डॉ. आलोक कुमार**, सीएमओ

### कैसे बनाएं आभा-आईडी कार्ड

गूगल पर आभा नंबर सर्च करें। क्रिएट आभा नंबर पर क्लिक करें। यहां दो ऑप्शन मिलेंगे। पहला आधार कार्ड के माध्यम से व दूसरा ड्राइविंग लाइसेंस के माध्यम से। किसी एक पर क्लिक करें। अपने आधार कार्ड अथवा ड्राइविंग लाइसेंस की डिटेल भरें व मोबाइल नंबर वेरीफाई करें। पोर्टल ओटीपी वेरिफिकेशन के बाद स्वत: ही आधार में अंकित डिटेल से आभा-आईडी जेनरेट कर आपको प्रदान कर देगा। इसके अलावा आप नजदीकी आशा, एएनएम व सीएचओ से संपर्क कर आभा आईडी बनवा सकते हैं।

शासन के निर्देश पर डिजिटल हेल्थ मिशन के तहत सरकार आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दे रही है। इसके तहत प्रत्येक मरीज की डिजिटल हेल्थ आभा आईडी बनाई जा रही है। जनपद में आयुष्मान भवः कार्यक्रम के साथ आईडी बनाने का काम शुरू कराया गया था। जिले में 21 लाख 96 हजार 812 लोगों की आभा आईडी तैयार करनी है। जिसके सापेक्ष जिले में अभी तक 11 लाख 49 हजार 845 लोगों के कार्ड बनाए गए हैं। जोकि 52 फीसदी है। जनपद में सबसे अधिक आभा आईडी अमरिया ब्लॉक में बनी है। अमरिया में लक्ष्य के सापेक्ष 68.45 फीसदी, बरखेड़ा में 60.78 फीसदी, ललौरीखेड़ा में 60 फीसदी, मरौरी में 56.47 फीसदी, बिलसंडा में 50.48 फीसदी, बीसलपुर में 49.96 फीसदी, पूरनपुर में 45.93 फीसदी आईडी बनाई गई है। सिर्फ अकेले शहरी क्षेत्र में ही आभा आईडी को लेकर कोई जागरुक कार्यक्रम नहीं चला है। जिस वजह से शहर में पिछड़ता चला गया। वहीं मुख्यालय पर ही मात्र 22.69 फीसदी लोगों की आभा आईडी बनाई गई है। जबकि मंडलीय समीक्षा में जिला पहले पायदान पर बना हुआ है।

### ब्लॉक वार आभा आईडी

| | |
|---|---|
| अमरिया - | 198256 |
| बरखेड़ा - | 130885 |
| ललौरीखेड़ा - | 120333 |
| मरौरी - | 147870 |
| बिलसंडा - | 124640 |
| बीसलपुर - | 133284 |
| पूरनपुर - | 261857 |
| शहरी क्षेत्र - | 32720 |

# चकबंदी आयुक्त का पांच सितंबर को घेराव करने का एलान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष ने पंचायत कर बनाई रणनीति**

**अमृत विचार**: चकबंदी विभाग के खिलाफ भाकियू अराजनैतिक लखनऊ में हल्ला बोलेगी। जनपद स्तर पर भ्रष्टाचार व्याप्त होने और किसानों के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पांच सितंबर को लखनऊ में चकबंदी आयुक्त का घेराव करने का ऐलान किया गया है। इसे लेकर जिलाध्यक्ष की अगुवाई में पंचायत कर रणनीति बनाई गई।

भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की पंचायत रविवार को जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह की अगुवाई में हुई। जिसका संचालन जिला प्रभारी दिनेश कुमार ने किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनपद में चकबंदी के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा किसानों का उत्पीड़न बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। जिला चकबंदी अधिकारी पर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया। कहा कि जिम्मेदारों की लापरवाही को लेकर पांच सितंबर 2024 को प्रदेश स्तर की चकबंदी आयुक्त लखनऊ का घेराव किया जाएगा। किसानों से अपील की गई कि बड़ी संख्या में चकबंदी आयुक्त कार्यालय लखनऊ चलने के लिए जमा हो। जिलाध्यक्ष ने बताया कि चकबंदी लेखपाल, जिला चकबंदी अधिकारी, चकबंदी सीओ का काला चिट्ठा शासन को प्रेषित किया जाना है। इसके अतिरिक्त जनपद के किसानों की विभिन्न समस्याओं व भ्रष्ट विभागों के बारे में संबोधित ज्ञापन मुख्यमंत्री को दिया जाएगा। पंचायत में निर्मल सिंह, अमरीक सिंह, नवजोत सिंह, पवन वर्मा, विजेंद्र सिंह, हरदयाल, रामरतन आदि मौजूद रहे।

# यात्रीगण ध्यान दें... मैलानी जाने वाली ट्रेन प्लेटफार्म पर आ गई है

## रेल मंत्री ने बटन दबाकर किया पीलीभीत-मैलानी रेल खंड का लोकार्पण, छह साल बाद बहाल हुआ रेल का सफर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **रेलवे परिसर में हुआ कार्यक्रम, आज से तीन जोड़ी नियमित ट्रेनें चलनी शुरू होंगी**

**अमृत विचार**: केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को बहुप्रतिक्षित पीलीभीत-मैलानी रेल खंड को देश समर्पित कर दिया। वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े केंद्रीय रेलमंत्री एवं रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद पीलीभीत के सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर विशेष उद्घाटन ट्रेन को पीलीभीत से रवाना किया। पीलीभीत और मैलानी के बीच छह साल बाद नियमित ट्रेन सेवा चालू होने से लोगों में खासी खुशी का माहौल देखा गया।

स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में रविवार शाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने पीलीभीत-मैलानी रेलखंड पर शुरू हुई नई ट्रेन सेवा का जिक्र करते हुए कहा कि अभी तो यह एक ट्रेलर है, आने वाले समय में पीलीभीत को पूरे देश से जोड़ा जाएगा। यहां से कृष्ण जी की नगरी मथुरा, रामजी की नगरी अयोध्या और भोले बाबा की नगरी बनारस समेत तमाम ऐसी जगहों को पीलीभीत से जोड़ा जाएगा। यहां के उद्योगों और टूरिज्म को लेकर भी बड़ा प्लान बनने वाला है। कहा कि देश में यदि किसी ने विकास किया है तो वो मोदी सरकार ने करके दिखाया है। पीलीभीत को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में रेलवे मंत्रालय द्वारा मीटर गेज को ब्राड गेज में परिवर्तित कर देश को समर्पित किया जा रहा है। साथ ही साथ ही पीलीभीत रेलवे स्टेशन 17 करोड़ की लागत से वर्ल्ड क्लास बनने जा रहा है।

यहां तमाम अत्याधुनिक व्यवस्था होगी, मगर उससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि पीलीभीत से मैलानी के बीच तीन ट्रेनें चलाई जाएगी, जिसका रेल मंत्री द्वारा शुभारंभ किया जा रहा है। नई ट्रेन सेवा को लेकर उन्होंने केंद्रीय रेलमंत्री का आभार जताया।

कृषि मंत्री एवं पीलीभीत के प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख ने भी सरकार की उपलब्धियां बताने के साथ रेल सेवा के माध्यम से पीलीभीत को अमृतसर से जोड़ने की बात कही। गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि पीलीभीत के लिए गौरव का दिन है। वर्ष 2014 में जब सत्ता परिवर्तन हुआ तो जनपद पीलीभीत ही नहीं जनपद के कोने-कोने में ब्राडगेज रेल लाइन को पहुंचाने का काम देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। कहा कि जब भाजपा की सरकार नहीं थी, उन लोगों की सरकार थी जो देश को बांटना चाहते हैं। जातियों की बात करते हैं, राष्ट्र की बात नहीं करते।

उन दिनों देश के रेलवे प्लेटफार्मों की हालत यह होती थी कि सुबह हो या दोपहर, गंदगी का आभार स्टेशन और रेल पटरियों पर देखने को मिलता था। कहा कि 2047 तक देश को विकसित देश बनाने का जो संकल्प लिया गया है, यह उसी की बुनियाद है। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य डॉ. सुधीर गुप्ता, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान ने भी विचार रखे। इस दौरान पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर ने रेलवे की वर्तमान स्थिति के बारे में बताया।



उद्घाटन विशेष ट्रेन को मंच से हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

### जितिन प्रसाद ने जनप्रतिनिधियों के साथ विशेष उद्घाटन ट्रेन को दिखाई झंडी

कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बटन दबाकर पीलीभीत-मैलानी ब्राडगेज परिवर्तित रेलखंड का देश को समर्पित किया। इस दौरान केंद्रीय रेल मंत्री के अलावा मंच में मौजूद केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद, कृषि मंत्री बलदेव सिंह औलख, गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, विधान परिषद सदस्य डॉ. सुधीर गुप्ता, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, नगर पालिका चेयरमैन डॉ.आस्था अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिह, ब्लाक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा,पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर, इज्जतनगर मंडल की मंडलन रेल प्रबंधक रेखा यादव समेत रेल अफसरों ने उद्घाटन विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हालांकि उद्घाटन विशेष ट्रेन अपने निर्धारित समय से करीब 10 मिनट देरी से रवाना की गई। उद्घाटन विशेष ट्रेन को फूलों और गुब्बारों से सजाया गया था।

### व्यापारी नेता समेत अन्य ने जीएम को सौंपे ज्ञापन

व्यापारी नेता हंसराज गुलाटी ने पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर से पीलीभीत-मैलानी रुट पर चलने वाली ट्रेनों का समय परिवर्तन और एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन कराने का आग्रह किया। इसके अलावा सामाजिक कार्यकर्ता शिवम कश्यप और अभिषेक सिंह गोल्डी ने महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर रेलवे जंक्शन पर पिट लाइन की स्थापना कराने, पूर्णागिरी जनशताब्दी की समय सीमा को घटाने, टनकपुर-मथुरा स्पेशल का संचालन सप्ताह में प्रतिदिन कराने और पीलीभीत अथवा टनकपुर से आला हजरत इंटरसिटी का संचालन कराने की मांग की।


रेलवे स्टेशन पर हर्ष जताते केंद्रीय राज्यमंत्री समेत अन्य जनप्रतिनिधि व भाजपा नेता।


प्लेटफार्म से हरी झंडी दिखाकर उद्घाटन विशेष ट्रेन आगे बढ़ाता लोको पायलट।


नई ट्रेन में पहली बार सफर करने के पलों को अपने मोबाइल में कैद करते यात्री।

# दुष्कर्म पीड़िता के भाई ने केंद्रीय राज्य मंत्री से लगाई गुहार

**बिलसंडा, अमृत विचार**: दबंगों से परेशान दुष्कर्म पीड़िता का परिवार पांच दिन पूर्व गांव से पलायन कर गया था। मगर अभी तक पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। दुष्कर्म पीड़िता के भाई ने रविवार को केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद से मामले की शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

थाना करेली क्षेत्र की एक किशोरी से दुष्कर्म किया गया था। आरोप है थाना पुलिस शुरुआत से ही मामले में लापरवाह बनी है। दोबारा पीड़िता के घर में घुसकर आरोपी ने अगवा करने का प्रयास किया। बचाने आए भाई को पीट कर लहूलुहान कर दिया था। इसके बाद आरोप है कि घटना की पुलिस ने तहरीर बदलवाकर सिर्फ मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। पीड़ित परिवार गांव से पलायन कर कहीं चला गया। इसके पांच दिन बीत चुके हैं। अब दुष्कर्म पीड़िता के भाई ने रविवार को मंत्री जितिन प्रसाद से मिलकर दुखड़ा सुनाया और न्याय की गुहार की। पीड़िता के भाई ने करेली पुलिस पर मनमानी और आरोपियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। बताते हैं कि केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# बेहतर कार्य करने वाली आशाओं को सम्मान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंडी समिति में आयोजित आशा सम्मेलन में पहुंचे जितिन प्रसाद**

**अमृत विचार** : स्वास्थ्य विभाग की ओर से बेहतर कार्य करने वाली आशाओं को सम्मानित करने के लिए आशा सम्मेलन का आयोजन किया। समस्त ब्लॉक से आई आशाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मंडी समिति में रविवार को आशा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहरी क्षेत्र की आशाओं के अलावा बिलसंडा, बीसलपुर, बरखेड़ा, मरौरी, पूरनपुर, अमरिया, ललौरीखेड़ की आशाओं को आमंत्रित किया गया था। जिन्होंने कोरोना काल, टीकाकरण समेत अन्य शासन की योजनाओं को शत प्रतिशत लोगों तक पहुंचाने का काम किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद, गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा, नगर पालिका पीलीभीत चेयरमैन डॉ. आस्था, डीएम संजय कुमार, एडीएम ऋतु पुनिया समेत कई अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम में श्रेष्ठ कार्य करने वाली आशाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन ने कहा कि कोविड के दौरान आशाओं ने लोगों की घर-घर जाकर हरसंभव मदद की। साथ ही आशाओं को विश्वास दिलाया कि सरकार अी ओर से विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें लाभ पहुंचाने का आश्वासन दिया। सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने की अपील की। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के समस्त अफसर और कर्मचारी मौजूद रहे।


आशा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते राज्यमंत्री जितिन प्रसाद और संजय सिंह गंगवार व अन्य ● अमृत विचार

# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**पूरनपुर, अमृत विचार**: रविवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहनपुर जप्ती निवासी अमित कुमार पुत्र फूलचंद सामान खरीदने के लिए पूरनपुर खुटार हाईवे पर गया था। वह सड़क पार कर रहा था।

इस दौरान अनियंत्रित गति से आ रही कार ने अमित की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में अमित गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी लाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# पंजीकरण की बाध्यता से भड़के ई-रिक्शा चालकों ने प्रदर्शन और नारेबाजी की

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार**: दो दिन पहले नगर में बिना पंजीकरण के ई रिक्शा चलाने पर कार्रवाई की चेतवानी दी गई। इसको लेकर ई रिक्शा चालकों में नारेबाजी कर विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया।

नगर में बढ़ती जाम की समस्या को लेकर पंजीकृत ई रिक्शा संचालन के लिए कहा गया है। बिना पंजीकरण वाले रिक्शा चलाने पर काररर्वाई की चेतावनी दी गई। जानकारी लगते ही ई रिक्शा चालकों में नाराजगी पनप गई। रविवार को दर्जनों ई रिक्शा चालक ब्लाक रोड पर साबरी आहता के पास एकत्र हुए। उन्होंने ई रिक्शा संचालन को लेकर किए गए आदेश का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया।

चालकों ने कहापहले से संचालित हो रहे ई रिक्शा में पंजीकरण नंबर नहीं है। नए फरमान में चालकों के पास डीएल न होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। समस्या को लेकर जिला पंचायत सदस्य पुत्र संजय खान और व्यापारी नेता विजयपाल विक्की ने एसडीएम से बात कर ई रिक्शा चालकों की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। एसडीएम ने सोमवार को बात कर समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया।


विरोध प्रदर्शन करते ई-रिक्शा चालक। ● अमृत विचार

# ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण हर हाल में प्राथमिकता से करें: जितिन प्रसाद

संवाददाता, अमरिया (पीलीभीत)

- **केंद्रीय राज्यमंत्री ने गांव-गांव जाकर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं**
- **बोले- कोई दिक्कत हो तो बताएं, तत्काल होगा निस्तारण**

**अमृत विचार**: केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने कई गांवों में पहुंचकर जनसंवाद किया। वह ग्रामीणों से मिले और उनकी समस्याएं पूछी। उसका त्वरित निस्तारण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

अमरिया क्षेत्र में केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद, राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार रविवार को नगरिया कॉलोनी ,पिंजरा वमनपुरी,फरदिया, बारातबोझ आदि गांवों में गए। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराना और क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता में है।

गांव नगरिया कॉलोनी के प्राइमरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि किसी भी तरह की समस्या होने पर उनको बताएं। पिंजरा वमनपुरी पहुंचने पर एक टीन सेट में लोगों से जन संवाद किया।

इसके बाद फरदिया पहुंचने पर मंदिर के पास बने कमरों में लोगों से रुबरु हुए। इससे पहले शनिवार को भी उन्होंने कई गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से बात कर समस्याएं सुनी। इस मौक पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, एसडीम अजीत प्रताप सिंह, तहसीलदार अर्चि गुप्ता, खंड विकास अधिकारी संजय कुमार, ग्राम प्रधान हरीश कुमार ,शिशिर कांजीलाल, विश्वजीत राय, धर्मेंद्र मिश्र आदि मौजूद रहे।


एक गांव में जनसंवाद को पहुंचे केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद। ● अमृत विचार

# दो जमानतियों समेत तीन पर रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार**: जेल में बंद अभियुक्त की जमानत खेतिहर भूमि के एक ही अभिलेख पर बार-बार लेकर न्यायालय को गुमराह करने पर कस्बा इंचार्ज ने कोतवाली में अभियुक्त और दो जमानतियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कस्बा प्रभारी विपिन शुक्ला ने बताया कि उनको थाना कार्यालय की डाक से 24 अगस्त को प्रदीप उर्फ झंडू निवासी मोहल्ला बख्तावर लाल का जमानत तस्दीक प्रार्थना पत्र महेश चंद्र निवासी सावेपुर व द्वितीय रामचंद्र लाल निवासी ग्राम गागूपुर प्राप्त हुआ। इसका मौके पर सत्यापन किया गया। जिसमें पाया कि जामिनदार महेश ने अभियुक्त प्रदीप कुमार जोकि बीसलपुर थाने पर अपराधी है। जमानती महेश व रामचंद्र लाल ने अभियुक्त प्रदीप की जमानत के लिए अपनी भूमिगत गाटा संख्या उपरोक्त का बार-बार प्रयोग कर न्यायालय को गुमराह किया है। कोतवाल अशोक पाल ने बताया तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# सब मिलकर देओ ये बधाई सिया बनी दुल्हन...

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **नौ दिवसीय श्रीराम कथा के चौथे दिन उमड़ी भक्तों की भीड़**
- **सीता स्वयंवर और परशुराम संवाद के साथ सुनाई कथा**

**अमृत विचार**: शहर के अशोक कॉलोनी स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में नौ दिवसीय रामकथा का आयोजन किया जा रहा है, जोकि पांच सितंबर तक चलेगी। चौथे दिन शनिवार रात वृंदावन से आए कथा व्यास गौरव कृष्ण महाराज ने राम कथा की अमृत वर्षा की। सीता स्वयंवर , परशुराम संवाद व श्री राम सीता विवाह की कथा का वर्णन किया, जिसे सुनकर सनातन प्रेमी भावविभोर हो उठे। भजन सुनते हुए कहा कि सिया बनी दुल्हन, जुग जुग जीओ सीता राम की जोड़ी आओ सब मिल कर देओ ये बधाई सिया बनी दुल्हन दूल्हा रघुराई।

उन्होंने कहा श्री राम विवाह उत्सव देखकर जनकपुरी अयोध्या के नर नारी अति प्रसन्न हुए। शिव धनुष के टूटते ही भगवान परशुराम जनकपुरी पहुंचते ही विवाह उत्सव में सम्मिलित राजा भयभीत होते हैं। लक्ष्मण भगवान परशुराम से वाद विवाद शुरू हो जाता है। तब राम लक्ष्मण को शांत करते हैं। आगे की कथा में परशुराम आशीर्वाद देते हुए त्रिलोक पर्वत पर पधार गए।

विवाह संपन्न हुआ राजा जनक ने राजा दशरथ से को हर्ष पूर्वक अयोध्या के लिए विदा किया और राम सहित चारों भाई विवाह करके अयोध्यापुरी पहुंचते हैं। नगर में चारों ओर मंगलाचार होने लगा माताएं अति प्रसन्न होकर दान दक्षिणा देने लगी।

मुख्य यजमान श्रीराधा कृष्ण भगवान व विशिष्ट यजमान तोताराम , नरेश लोधी , अरुण सक्सेना , पवन अग्रवाल, अरविन्द शुक्ल , कुरेन्द्र पाल सिंह सपरिवार रहे। समिति सदस्य अभिमन्यु गंगवार ने श्रीराम कथा में सपरिवार आमंत्रित होने का आवाहन किया। इस मौके पर दुर्गा प्रसाद गंगवार, तारा लोधी, सत्य प्रकाश गंगवार, महेंद्र कनौजिया, सरयू प्रसाद रस्तोगी, सूर्यकांत शंखधार, ज्योति भसीन, रमन आनंद, सुलोचना , ओमप्रकाश वर्मा, विकास देव, अरुण भारद्वाज, सुजाता आनंद, अनूप कुमारी, शिवानी गंगवार, अभिमन्यु गंगवार, राजपाल, दीनदयाल शर्मा , विनय वाला आदि मौजूद रहे।




श्रीराम कथा सुनाते कथा व्यास गौरव कृष्ण महाराज और रामकथा सुनने पहुंचे भक्त। ● अमृत विचार

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# गर्भवती को पीटकर घर से निकाला, चार लोगों पर रिपोर्ट

संवाददाता, बरखेड़ा

- बुलेट बाइक और दो लाख की मांग कर रहे थे ससुराल वाले

**अमृत विचारः** दहेज में बुलेट बाइक और दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर गुस्साए ससुराल वालों ने गर्भवती के साथ मारपीट की। इसके बाद उसको पीटकर घर से निकाल दिया। मामले की शिकायत थाना पुलिस से की। लेकिन कोई सुनवाई नहीं। एसपी के आदेश पर रविवार को पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

क्षेत्र के ग्राम चिनौरा की रहने वाली शमा बी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह सुनगढ़ी क्षेत्र के जंगरौली पुल गांव के मोहम्मद मकसूद से हुआ था। दिए गए दहेज से असंतुष्ट होकर पति मोहम्मद मकसूद, राशिद, मुन्नी, जुम्मी बख्श उत्पीड़न करने लगे। दहेज में बुलेट बाइक और दो लाख रुपये की मांग रख दी। काफी समझाने पर भी नहीं माने और दस अगस्त की सुबह आठ बजे घर से निकाल दिया। 11 अगस्त की शाम को आरोपी मायके आए और फिर धमकाया। पीड़िता पांच माह की गर्भवती है, इसके बावजूद पति ने पेट पर लात मारी। जिससे तबियत बिगड़ गई। थाना स्तर पर सुनवाई नहीं होने पर पीड़िता ने एसपी से गुहार लगाई।

## फर्जी तरीके से आयुष्मान कार्ड बनाने का दावा कर सोशल मीडिया पर पोस्टर वायरल करने का मामला

# डीएम ने कहा एफआईआर कराओ, सीएमओ ने हवा में उड़ा दिया आदेश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सीएमओ की तीन सदस्यीय कमेटी भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची

**अमृत विचार :**डीएम का आदेश बेअसर हुआ तो स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की नीयत पर भी सवाल उठने लगे। सवाल यह है कि आखिर किसके दबाव में सीएमओ फर्जी आयुष्मान कार्ड बनाने वालों के खिलाफ एफआईआर नहीं करा रहे और एक दूसरे पर जिम्मेदारी टाली जा रही है। फिलहाल सप्ताह भर बीतने के बाद भी आदेश का पालन नहीं हो सका है। ऐसे में सवाल तो तमाम उठ रहे हैं मगर ठोस जवाब देने के नाम पर जिम्मेदार गोलमोल जवाब देकर बचते दिखाई दे रहे हैं।

बता दें कि जिले में बीते दिनों सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हुई थी। जिसमें शैलेंद्र कुमार नाम के व्यक्ति की तरफ से फोटो व मोबाइल नंबर लिखकर आपातकालीन स्थिति में लिस्ट में बिना नाम के आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए संपर्क करने की बात लिखी हुई थी।

आधार कार्ड और लिंक मोबाइल नंबर लेकर आएं और आयुष्मान कार्ड तुरंत बनवाकर ले जाएं। वायरल पोस्टर जब शासन स्तर पर अधिकारियों तक पहुंचा तो आयुष्मान कार्ड बनाने में फर्जीवाड़ा होने की आशंका हुई। वायरल पोस्टर के बाद कार्यपालक अधिकारी संगीता सिंह ने डीएम को पत्र भेजकर संबंधित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने के आदेश दिए। डीएम संजय कुमार सिंह को पोस्टर भेजकर रिपोर्ट मांगी गई। इस मामले में डीएम ने सीएमओ डॉ. आलोक कुमार को एफआईआर कराने के आदेश दे दिए थे।

सीएमओ ने मामले में एफआईआर कराने के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की, लेकिन अभी तक आयुष्मान में फर्जीवाड़ा करने वालों पर एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का कहना है वह संविदा कर्मचारी हैं, कैसे एफआईआर कराएं। मामला चूंकि जन सेवा केंद्र से जुड़ा हुआ है। इसलिए जनसेवा केंद्र का प्रभारी ही एफआईआर कराएगा।

### जांच कमेटी पर भी उठ रहे सवाल

फर्जी आयुष्मान कार्ड को लेकर सीएमओ ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई, लेकिन अभी तक स्वास्थ्य विभाग यह पता नहीं कर सका है कि पोस्ट वायरल करने वाले युवक ने कितने कार्ड बनाए गए हैं, या फिर वह किसके संरक्षण में रहकर यह काम कर रहा है। इधर, सूत्रों का कहना है कि कमेटी की प्रथम दृष्टया जांच में स्वास्थ्य विभाग से जुड़े किसी कर्मी की सभी साठगांठ उजागर हुई है। अहम बात यह भी है कि विभाग की लापरवाही के चलते जिस मामले को शासन संज्ञान में लेकर डीएम को कार्रवाई के निर्देश दे चुका है। उस मामला को भी पूरी तरह से दबा दिया गया है। अब तक पूरे प्रकरण में कोई भी एक्शन नहीं होने पर तरह-तरह की चर्चाएं तेज हैं।

> आयुष्मान कार्ड फर्जी तरीके से बनाने का पोस्टर वायरल करने के मामले में पुलिस को सूचना दे दी गई है। एफआईआर कराई जाएगी। इस पर मंथन चल रहा है कि एफआईआर जनसेवा केंद्र संचालक कराएगा या स्वास्थ्य विभाग। जल्द ही एफआईआर पंजीकृत होगी। - **डॉ. आलोक कुमार** सीएमओ

## एक नजर

### पहले किया फंसाने का प्रयास, फिर किया हमला

**बरखेड़ा :** ग्राम मूसेपुर जयसिंह के विजयपाल ने बताया कि उनके गांव का ही महेश, जितेश के बीच विवाद हो गया। महेश को रामगुलाम ने गायब कर दिया था। 28 अगस्त को झगड़े के एक दिन बाद महेश की गुमशुदगी की सूचना थाने पर पीड़ित के नाम से जोड़कर दे दी गई। पुलिस को गुमराह करने का उद्देश्य बना लिया गया। मगर बाद में महेश ससुराल में मिल गया। 31 अगस्त की सुबह जब झूठा फंसाने को लेकर बात की तो आरोपियों ने हमला कर पिटाई कर दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### बिजली के तार से करंट लगने से पुजारी की मौत

**बीसलपुर :** ग्राम पुरैनिया रामगुलाम के रहने वाले बाबा रामदास ( 65 ) गुलेश्वर नाथ मंदिर में पूजा पाठ किया करते थे। सुबह चार बजे कमरे में बिस्तर रखने गए। स्विच में बिजली का करंट प्रवाहित हो रहा था। उनका हाथ अचानक स्विच पर छू गया और करंट लगने से उनकी मौत हो गई। अन्य लोगों ने मृत देखा तो शोर मच गया। कुछ ही देर में भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### खिरकिया बरगदिया के ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन

**पूरनपुर :** तहसील क्षेत्र के गांव खिरकिया बरगदिया के ग्रामीणों ने मांगों को लेकर पांच दिनों तक धरना प्रदर्शन किया। इसके बावजूद गांव को ढक्का चांट में बसाने, तटबंध बनाने और जमीन का सर्वे कराने आदि की मांगे पूरी नहीं हो सकी। रविवार को ग्रामीणों ने केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया कि शारदा नदी हर साल ग्रामीणों को नुकसान पहुंचा रही है। ग्रामीणों ने नदी में समाई जमीन का मुआवजा दिलाने, ढक्का चांट में बसाने, आबादी को कटान से बचाने आदि मांगे रखी। विवेक सिंह, रामसूरत, लल्लन प्रसाद, हरिशंकर, राजकुमार, हरि नारायण आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# घर ले जाकर की हत्या और छिपाई लाश... दोषी पिता और दो पुत्रों को आजीवन कारावास

## पूरनपुर के बहुचर्चित सोहेल हत्याकांड में अपर सत्र न्यायाधीश छाया शर्मा ने सुनाया फैसला

विधि संवाददाता, पीलीभीत

**सोहेल हत्याकांड**

- पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र में जुलाई 2016 में अंजाम दी गई थी वारदात

**अमृत विचारः** अपर सत्र न्यायाधीश छाया शर्मा ने पूरनपुर के आठ साल पुराने बहुचर्चित सोहेल हत्याकांड की सुनवाई के बाद फैसला सुनाया। पूरनपुर के मोहल्ला खानकाह के बड़े खां उर्फ वसीम खां और उसके दो पुत्र सलमान व सद्दाम खां को हत्या कर सबूत मिटाने का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक पर जुर्माना भी डाला गया है।

पूरनपुर के मोहल्ला खानकाह निवासी इबरार खां ने तहरीर देकर बताया था कि 22 जुलाई 2016 की सुबह दस बजे मोहल्ले का सलमान और पप्पू उसके पुत्र सोहेल को बुलाकर अपने घर ले गए थे। काफी देर बाद भी जब पुत्र वापस नहीं आया तो उसकी तलाश शुरू कर दी गई। कॉल की गई तो नंबर स्विच ऑफ बताने लगा। इस दौरान उसके भाईयों ने बताया कि उन्होंने सलमान को सोहेल को अपने घर के भीतर ले जाते देखा। जब सलमान से सोहेल की जानकारी तो उसने कुछ काम से बात करने के लिए बुलाने की बात कहीं। शाम तक सोहेल का पता नहीं चला। कुछ समय बाद वह मोहल्ले के कुछ लोगों के साथ सलमान के घर गए तो भीतर पप्पू पुत्र कुदरतुल्ला, बड़े पुत्र कुदरतुल्ला, सद्दाम पुत्र बड़े खां, सईद पुत्र नफीस खां, गुड़िया पत्नी सईद खां घर के भीतर थे। जब बेटे के बारे में जानकारी की तो सभी ने बताया कि बेटे सोहेल की हत्या कर दी है। ऐसा करने का कारण पूछा तो सभी ने उसको जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की। विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। इस मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय (महिलाओं के विरुद्ध अपराध) छाया शर्मा की अदालत में हुई। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के बाद न्यायालय ने अभियुक्त बड़े खां उर्फ वसीम खां और उसके दो पुत्र सलमान, व सद्दाम खां को सोहेल की हत्या कर लाश छिपाने का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। प्रत्येक पर 27 हजार रुपये जुर्माना भी डाला गया है।

### साक्ष्य के अभाव में तीन आरोपी दोषमुक्त

इस मुकदमे में कुल छह अभियुक्त थे। जिसमें से तीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। वहीं, अन्य तीन अभियुक्त पप्पू उर्फ अरशद, सईद खां और गुड़िया को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त किया गया है।

### कपड़ा कटिंग काउंटर में मिला था शव

बताते हैं कि अभियुक्तों ने सोहेल की अपने घर में हत्या कर दी थी। इसके बाद साक्ष्य मिटाने का भी पूरा प्रयास किया गया। मृतक सोहेल के परिवार वाले जब आरोपियों के घर पहुंचे और बेटे के बारे में जानकारी की गई। इस पर हत्या करने की बात अभियुक्तों ने खुद ही कह दी थी और परिजन को धमकाना शुरू कर दिया था। इस दौरान सोहेल का शव अभियुक्तों के घर पर कपड़ा कटिंग के काउंटर में छिपा मिला था। सलमान के घर के भीतर कपड़ा कटिंग के काउंटर के अंदर सोहेल का शव पड़ा था।

### गैंगस्टर एक्ट के दोषी को चार साल कैद, जुर्माना

- एक अभियुक्त की दौरान विचारण हो चुकी मौत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट श्वेता दीक्षित ने एक मामले की सुनवाई के बाद गैंगस्टर एक्ट के आरोपी बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम खमरिया निवासी रफी अहमद उर्फ पप्पू पुत्र नवी अहमद को दोषी पाते हुए चार वर्ष साधारण कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है। जबकि इसी मामले के दूसरे आरोपी ग्राम पौटा निवासी जाहिद उर्फ कालिया की दौरान विचारण मृत्यु होने पर न्यायालय ने 20 नवंबर 2013 को उसके खिलाफ कार्यवाही उपशमित कर दी थी। राज्य सरकार की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट अमित कुमार शुक्ल ने की। बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव पिपरा खास निवासी कृपाल सिंह पुत्र हुलासी राम ने थाने पर चार मई 2008 को शिकायत की। जिसमें बताया कि उसका एक जोड़ भैंसा जिसकी कीमत 22 हजार रुपये थी। वह बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया है। प्रार्थना पत्र में भैंसों का हुलिया भी अंकित किया गया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की। विवेचना के समय पुलिस ने इसी मामले में विधि अनुसार आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट की धाराओं में भी आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। मुकदमे की सुनवाई विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट श्वेता दीक्षित की अदालत में हुई। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के उपरांत न्यायालय ने आरोपी रफी अहमद उर्फ पप्पू को सजा सुनाई।

# पहले विश्वास में लिया और फिर उड़ा लिए किन्नर के 20 लाख

**पीलीभीत, अमृत विचार :** पांच सालों से किन्नर के साथ रह रहा एटा का युवक किन्नर को विश्वास में लेने के बाद बीस लाख की रकम समेट ले गया। पीड़ित किन्नर ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मोहल्ला फीलखाना निवासी दीपा किन्नर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने शिष्य किन्नरों के साथ फीलखाना में रहती है। पांच साल पहले एटा जिले के रेवाड़ी का रहने वाले एक युवक से उसकी मुलाकात हुई थी। इसके बाद युवक साथ में ही जीवन यापन कर रहा था। आरोप है कि युवक ने विश्वास में ले लिया था। इसके चलते उन्होंने अपना रुपये पैसे का सारा हिसाब उसके हवाले कर दिया था। पीड़ित ने बताया कि एक सितंबर को उनके द्वारा किन्नर सम्मेलन का आयोजन किया जाना था। जिसका रुपये काफी समय से एकत्र किए जा रहे थे। लेकिन आरोपी युवक ने उनके साथ धोखा करते हुए खाते और अलमारी में रखे रुपये मिलाकर करीब 20 लाख रुपये की नकदी और 10 तोला सोना लेकर आठ दिन पहले भाग गया। जब किन्नर सम्मेलन के लिए अलमारी और बैंक खाते चेक किया गया तो उसमें जमा सभी रुपये नदारद मिले। आरोपी युवक से जानकारी की गई तो उसने धमकाते हुए जान से मारने की धमकी दे दी। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पीलीभीत पहुंचे वन मंत्री ने अफसरों के साथ की बैठक


लोगों से संवाद करते वनमंत्री डॉ.अरुण कुमार सक्सेना। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- एक दिन पूर्व माला रेंज में हुई घटना की जानकारी की
- मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस में आम जनमानस से भी किया संवाद

**अमृत विचारः** राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. अरुण कुमार सक्सेना वन, पर्यावरण जंतु उद्यान जलवायु परिवर्तन की अध्यक्षता में रविवार को वन विभाग के अफसर कर्मचारियों की बैठक हुई। मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस में उन्होंने आम जनमानस से भी संवाद किया। इस दौरान वन्य जीव एवं मानव संघर्ष के प्रति लोगों को जागरूक किया।

वनमंत्री ने अपील करते हुए कहा कि जंगल के किनारे अकेले खेतों पर कार्य न करें। समूह के साथ खेतों में कार्य करें। जिससे कि जंगली जानवर वहां से जंगल की ओर निकल जाएगा। साथ ही स्थानीय लोगों ने वनमंत्री को जंगल में तार फेंसिंग कराने, जंगल के किनारे स्थित ग्रामों में स्कूल निर्माण एवं सड़क निर्माण की मांग रखी। इधर, वन मंत्री ने एक दिन पूर्व पीटीआर की माला रेंज में हुई शिकारियों की दस्तक की घटना के बारे में भी जानकारी की। उन्होंने बाघ मित्र कार्यक्रम पर जोर देते हुए कहा कि बाघ मित्र लोगों को वन्य जीव संघर्ष के प्रति जागरूक करें। ताकि घटनाओं को रोका जा सके।

बैठक के बाद वह ग्राम बांसखेड़ा में पहुंचे और वन्य जीव दुर्घटना में मृतक के परिवार से मिले। आर्थिक सहायता राशि के बारे में जानकारी कर परिवार को सांत्वना दी। इस दौरान पीटीआर डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान आदि मौजूद रहे

# छात्रों के पूछे प्रश्नों का डीएम ने सरलता से दिया जवाब


डीएम को कॉलेज की प्रगति के बारे में जानकारी देते प्राचार्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, पूरनपुर

- गन्ना कॉलेज में छात्र संवाद कार्यक्रम में पहुंचे डीएम

**अमृत विचारः** गन्ना कृषक महाविद्यालय में हुए छात्र संवाद कार्यक्रम में डीएम पहुंचे। उन्होंने कॉलेज का निरीक्षण किया। छात्र छात्राओं ने उनसे प्रश्न पूछे। प्राचार्य ने कॉलेज की प्रगति के बारे में बताया। डीएम ने पूछे गए सवालों का सरलता से जवाब दिया।

बंडा रोड पर स्थित गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रविवार को छात्र संवाद कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डीएम संजय कुमार सिंह पहुंचे। डीएम ने कालेज की भूमि, पुस्तकालय और नए भवन का निरीक्षण किया। प्राचार्य डा. सुधीर कुमार शर्मा ने विद्यालय की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा 12.5 एकड़ जमीन महाविद्यालय को उपलब्ध कराई गई। इसी के चलते विद्यालय को बीएससी कृषि की मान्यता प्राप्त हुई। संवाद कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने उत्सुकतावश डीएम से प्रश्न किए। जिनका डीएम ने सरलता से संतोषजनक जवाब दिया। प्राचार्य ने डीएम को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला, डा. अरविंद दीक्षित, डा. विनोद सिंह, अनूप शुक्ला, शाहिद खान, महेंद्र वर्मा, अंकित गुप्ता, रामकुमार, राजाराम, उर्मिला आदि मौजूद रहे।

### अलग-अलग हादसों में कई लोग घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** बिलसंडा कस्बा निवासी कुलदीप सक्सेना अपने साथी सत्य पाल के साथ ग्राम जादवपुर नथा से बाइक पर सवार होकर ग्राम टिकरी जा रहे थे। पीलीभीत मार्ग पर सपा कार्यालय के पास उनकी बाइक कुत्ते से टकरा गई। जिसमें दोनों गिरकर घायल हो गए। ग्राम चुटकुना के शैलेश कुमार अपने साथी को छोड़कर बाइक से घर जाते वक्त डिग्री कॉलेज के पास पहुंचते ही दूसरी बाइक से टकरा गए। हादसे में शैलेश और दूसरी बाइक पर सवार कौसाकी लाल घायल हो गए। इसके अलावा मोहल्ला ग्यासपुर निवासी इंतजार ई-रिक्शा पर सवार होकर ग्राम मीरपुर में लगे हुए मेले को देखकर बीसलपुर वापस आ रहे थे। ग्राम मोहम्मदपुर भजा के पास ई-रिक्शा पलट गया। जिसमें इंतजार और कासान घायल हो गए। इसके अलावा बरेली के गणेशगंज कॉलोनी निवासी सत्यदेव शर्मा बेटी की ससुराल से लौटते वक्त ग्राम अहिरपुरा के पास हादसे में घायल हो गए। घायलों को सीएचसी भर्ती कराया गया।

# किशोर पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने बताया कि शनिवार रात में उसके घर गांव का एक किशोर घुस आया और उसकी नाबालिग पुत्री से छेड़छाड़ की। शोर सुनकर परिवार वाले पहुंच गए और आरोपी को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर यूपी 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई। आरोपी के नाबालिग होने पर उसे पुलिस ने हिरासत में नहीं लिया। बाद में चौकी पुलिस आरोपी को थाने ले आई। उधर, किशोर के परिजन का कहना है कि उसके पुत्र पर लगाए गए आरोप गलत हैं। किशोरी के परिजन उनके पुत्र को घर से ले गए और बंधक बना लिया था। रुपये के लेनदेन का विवाद बताया। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि किशोर पर लगा छेड़छाड़ का आरोप गलत है। रुपये के लेनदेन का विवाद है। किशोर को छोड़ दिया है।

# महिला का सोने का कुंडल उड़ाया, पुलिस जांच में जुटी

संवाददाता, बरखेड़ा

- बरखेड़ा-गजरौला मार्ग पर रविवार शाम हुई घटना

**अमृत विचारः** ननिहाल से मायके जा रही विवाहिता के बाइक सवार उचक्के सोने का कुंडल उड़ा ले गए। इस घटना के बाद महीने ने शोर मचाया। जब तक राहगीर पहुंचे तब उच्वके भाग चुके थे। तहरीर मिलने पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पैंतबोझी की रहने वाली कृष्णा देवी पुत्री महेंद्रपाल ने बताया कि उसकी शादी बीसलपुर के मानपुर गांव में हुई है। कृष्णा देवी के मुताबिक 30 अगस्त को वह अपनी ननिहाल बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम कोकिला में आई थी। रविवार शाम को वह वापस मायके जा रही थी। उसके मामा रामकुमार बरखेड़ा कस्बे तक छोड़ गए थे। इसके बाद ई-रिक्शा पर सवार होकर घर के लिए जा रही थी। इस दौरान बरखेड़ा गजरौला मार्ग पर अमखेड़ा तिराहे पर एक भट्ठे के पास पहुंचते ही पीछे से बाइक पर सवार होकर आए दो उच्चकों ने झपट्टा मारकर एक कान के सोने के कुंडल और दुरिया खींच लिए। इसके बाद आरोपी फरार हो गए। मायके वाले घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद पिता के साथ थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# खाद की चार दुकानों से लिए सैंपल

संवाददाता, बिलसंडा


खाद की दुकान पर अभिलेख चेक करते एडीओ कृषि। ● अमृत विचार

- अपर जिला कृषि अधिकारी ने दो दुकानों के लाइसेंस भी चेक किए

**अमृत विचारः** शासन के आदेश पर रविवार को उर्वरक की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया।जिसमें चार दुकानों से नमूने लिए गए।जबकि दो उर्वरक विक्रेताओं को नोटिस जारी कर हिदायत दी गई।

इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में भी तमाम उर्वरक विक्रेताओं में दिनभर हड़कंप मचा रहा। टीम में शामिल अपर जिला कृषि अधिकारी पंकज कुमार ने ईंटगांव, मानपुर, लिलहर, मुड़िया, बमरोली, करेली में दर्जनों उर्वरक विक्रेताओं के यहां अभिलेख चेक किए। एमओपी,जिंक एवं सुपर फास्फेट सहित उर्वरक के नमूने लिए।साथ ही दो ऐसे दुकानदारों को नोटिस जारी कर कार्यवाही की हिदायत दी,जोकि मौके पर कोई अभिलेख नही दिखा पाए।

नगर में दुकानों के निरीक्षण के बाद उन्होंने बंडा रोड स्थित किसान एग्रो ट्रेडर्स पर उर्वरक विक्रेताओं की बैठक की। जिसमें बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में बिना लाइसेंस उर्वरक व्यापार धड़ल्ले से किया जा रहा है,ऐसी शिकायतें लगातार मिल रही हैं।विक्रेताओं द्वारा अनियमितताएं भी बरती जा रही है।कहा,यदि ऐसा कोई भी व्यापारी पकड़ में आता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर उर्वरक व्यापारी पंकज जायसवाल, दलराज सिंह राजू, सुभाष खुराना, आलोक जायसवाल, राजीश गुप्ता, बन्टू जायसवाल, अनिल शर्मा, अक्षय सिंह, रवि जायसवाल, दिलीप, मनोज मिश्रा, संजीत सिंह मौजूद रहे।

# मारपीट में घायल ग्रामीण की इलाज के दौरान मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 27 जुलाई को हुई थी मारपीट पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम
- जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सहगवां नगरिया का मामला

**अमृत विचार :** पारिवारिक कलह के चलते हुई दो पक्षों में मारपीट के दौरान घायल युवक की इलाज के दौरान बरेली में मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिवार वालों पर हत्या के इरादे से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए दोबारा पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम सहगवां नगरिया के 26 वर्षीय आरिफ पुत्र मोहम्मद अली का 27 जुलाई 2024 को पड़ोस के ही रहने वाले शौकत अली के परिवार से विवाद हो गया था। जिसके बाद आरोप है कि शौकत अली के परिजनों ने आरिफ की लाठी डंडों से पिटाई कर दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसका बरेली के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। इंस्पेक्टर जहानाबाद संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि पूर्व में मारपीट की धाराओं में दर्ज मुकदमे में नियमानुसार धाराओं की बढ़ोत्तरी की जाएगी।

# धूमधाम से मनाई कन्हा की छठी, जगह-जगह भंडारे

संवाददाता, बिलसंडा (पीलीभीत)

**बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद**


बिलसंडा के दुर्गा मंदिर प्रांगण में कान्हा की छठी पर प्रसाद ग्रहण करते हुए श्रद्धालु।

**अमृत विचारः** शहर समेत जनपद भर में कान्हा की छठी धूमधाम से मनाई गई। जगह जगह भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम तक भंडारे चलते रहे।

शहर के गांधी स्टेडियम रोड पर सुनगढ़ी मोड़, अशोक कॉलोनी मोड़, टनकपुर हाईवे समेत मुख्य मार्गों पर सुबह दस बजे के बाद से ही भंडारे शुरू हो गए। पंचमुखी हनुमान मंदिर में प्रधान सेवक शिरीष सक्सेना ने अन्य सेवकों संग कढ़ी चावल का प्रसाद वितरित किया। विद्या मंदिर चौराहा पर भी भंडारा दोपहर बाद तक चला। उधर, बिलसंडा में भी सामूहिक रूप से भंडारे आयोजित किए गए। खदनिया बाबा देव स्थल पर पहले कन्याओं को भोजन कराया गया।तत्पश्चात उन्हें अंग वस्त्र एवं दक्षिणा देकर विदा किया गया।

गीत संगीत एवं सुंदर झांकियों के बीच कन्हैया की छठी सामूहिक रूप से मनाई गई। महिलाओं को भी बधाई गीतों पर झूमते हुए देखा गया। बिलसंडा नगर के प्राथमिक विद्यालय प्रथम परिसर स्थित मां दुर्गा मंदिर प्रांगण में भी कान्हा की छठी मनाई गई। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी हुआ। कार्यक्रम की व्यवस्था में उमेश मिश्रा, बंटी शुक्ला,प्रमोद गुप्ता, संजय गुप्ता समेत लोगों ने सहयोग किया।नगर के श्रीनिवास कुंज आश्रम पर भी छठी मनाई गई। भंडारे में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।उधर नगर के,गौरीशंकर महाराज मंदिर,ठाकुरद्वारा मंदिर पर भी दोपहर से लेकर देर शाम तक लोगों को कढ़ी चावल,पूड़ी सब्जी हलवा का प्रसाद वितरित किया गया।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमेंशिया
- याददाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना
35 वर्षों का अनुभवी
आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)



धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

# बिजली बिल के विवाद में छोटे भाई की पीटकर हत्या

## भाई और भाभी ने लाठी-डंडों से की थी पिटाई, आत्महत्या दर्शाने को साड़ी का फंदा कसकर कुंडे पर लटकाया शव

संवाददाता, सिंगाही

**अमृत विचारः** कस्बा सिंगाही के मोहल्ला भेड़ौरा में बिजली बिल जमा करने को लेकर हुए विवाद में दो भाइयों के बीच विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ गई की बड़े भाई ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर छोटे भाई की पीट पीटकर हत्या कर दी। बाद में हत्या को आत्महत्या दर्शाने के लिए गले में साड़ी बांधकर कुंडे पर शव लटका दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्या आरोपी भाई और उसकी पत्नी को हिरासत में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की पत्नी ने आरोपी जेठ व जेठानी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।



मृतक मोनू।

शनिवार को मोहल्ला भेड़ौरा निवासी मोनू कश्यप (24) पत्नी रिंकी देवी को लेकर अपनी ससुराल गया था। उसके ससुर तीर्थ यात्रा पर जा रहे थे। इसलिए रिंकी देवी अपने मायके में रुक गई। पति मोनू पत्नी को मायके छोड़कर देर शाम घर वापस आ गया। रात में मोनू और उसके बड़े भाई सोनू के बीच बिजली बिल जमा करने को लेकर विवाद होने लगा।

बात गाली-गलौज तक पहुंच गए। इससे आवेश में आकर मोनू ने सोनू के घर की बिजली केबल नोंच डाली। बस यहीं से दोनों के बीच विवाद अधिक बढ़ गया। दोनों भाइयों के बीच जमकर मारपीट होने लगी। पति से मारपीट होते देख सोनू की पत्नी रागिनी भी पहुंच गई। सोनू ने पत्नी के साथ मिलकर मोनू को लाठियों से जमकर पीटना शुरू कर दिया। किसी तरह से वह जान बचाकर बदहवास हालत में भागा और सड़क पर आकर गिर गया। हमलावरों की पिटाई से उसका एक हाथ भी टूट गया। चीख पुकार मचने पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। आसपास के लोगों ने सोनू और उसकी पत्नी को डांटकर मौके से हटाया और घायल मोनू को घर भेज दिया। बताते हैं कि पड़ोसियों के हटते ही आरोपियों ने चारपाई पर गिराकर मोनू को फिर से जमकर पीटा। रस्सी से गला दबा दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटनास्थल का सीओ निघासन प्रवीण कुमार यादव ने निरीक्षण किया।



बिलख रही मृतक की पत्नी को ढांढ़स बंधातीं महिलाएं ● अमृत विचार



मृतक के घर पर लगी लोगों की भीड़ ● अमृत विचार

- कस्बा सिंगाही के मोहल्ला भेड़ौरा में शनिवार देर रात हुई घटना
- पत्नी ने जेठ और जेठानी के खिलाफ दी हत्या करने की तहरीर

> आरोपी पति-पत्नी को हिरासत में ले लिया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।
> -अमित सिंह भदौरिया प्रभारी निरीक्षक थाना सिंगाही

### शव देखकर बिलख पड़ी पत्नी

पति की पीट-पीटकर हत्या किए जाने की खबर रात करीब 11 बजे रिंकी देवी को उसके मायके में मिली। वह अपने भाइयों और अन्य परिजनों के साथ रात करीब एक बजे अपनी ससुराल भेड़ौरा पहुंची तो शव देख बिलख पड़ी। रिंकी देवी ने अपने पति मोनू के कपडे.उतार कर देखे तो शव पर चोट के कई निशान थे। मृतक की पत्नी ने बताया कि बिजली का केबल नोंचने को लेकर हुए विवाद में उसके पति की पीट-पीटकर हत्या की गई है। उसने हत्यारोपी जेठ और जेठानी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

### बंटवारा नहीं हुआ, अलग-अलग बनता था खाना

मृतक की पत्नी रागिनी देवी ने बताया कि दोनों भाई का पारिवारिक बंटवारा नहीं हुआ है। केवल घर में खाना अलग-अलग बनता था। छोटे भाई मोनू कश्यप के नाम घर का बिजली का कनेक्शन था। बिजली बिल जमा करने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। जिसमें उसके पति की जेठ व जेठानी ने पीट पीटकर हत्या कर दी।



घटनास्थल का निरीक्षण करते सीओ निघासन प्रवीण कुमार यादव। ● अमृत विचार

### हत्या को आत्महत्या का मोड़ देने की कोशिश

छोटे भाई मोनू कश्यप की पिटाई से मौत होने के बाद हत्या आरोपी भाई और पत्नी के होश उड़ गए। आरोपियों ने आत्महत्या दर्शाने के लिए उसके गले में साड़ी का फंदा कस दिया और शव को कमरे के कुंडे से लटका दिया। इसके बाद दोनों छोटे भाई के फंदा लगाकर आत्महत्या करने की बात कहते हुए चीखने-चिल्लाने लगे। इस पर तमाम लोग मौके पर पहुंच गए तो देखा मोनू का शव छत के कुंडे से लटक रहा था।

# दिनदहाड़े घर में घुसकर नगदी समेत लाखों रुपये के जेवर चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- मकान मालिक की पत्नी के आने पर चाकू दिखाकर भागे चोर

**अमृत विचारः** शहर और आसपास के क्षेत्रों में चोरी की वारदातों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। पुलिस से बेखौफ चोर अब दिनदहाड़े घरों में घुसकर चोरी की वारदातों को अंजाम देने लगे हैं। चोर कृष्णा कुंज बिहारी कॉलोनी में स्थित एक मकान में दोपहर में घुस गए और ताला तोड़कर सामान खंगाल डाला। इसी बीच स्कूल से बच्चे को लेकर घर पहुंची मकान मालकिन को चाकू दिखाकर चोर आठ हजार रुपये की नगदी व करीब तीन लाख के जेवर लेकर भाग निकले। पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है।

खीरी रोड स्थित कृष्णा कुंज बिहारी कॉलोनी निवासी राजू सिंह ने बताया कि घटना 30 अगस्त 2024 को दिन के करीब 12 बजे की है। उनकी पत्नी रिया सिंह पुत्री को लेने अजमानी स्कूल गई थीं। वह जब वापस आईं तो देखा कि दो लोग उनके घर से बाहर निकल रहे थे। उनके ललकारने पर दोनों ने चाकू निकाल लिए और जान से मार देने की धमकी देते हुए चाकू लहराते हुए भाग निकले। पत्नी जब घर के अंदर पहुंचीं तो देखा कि गेट का ताला गायब था।

ड्राइंग रूम के गेट का ताला टूटा पड़ा था। बेडरूम की सारी अलमारियों के ताला टूटे पड़े थे। अलमारियों में रखी दो सोने की चेन, पायल, मंगलसूत्र, डायमण्ड की नोज पिन समेत करीब तीन लाख के जेवर और 8 हजार रुपये गायब थे। दिनदहाड़े चोरी की वारदात से पूरी कॉलोनी में दहशत व्याप्त हो गई। तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित मकान मालिक की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आढ़त पर 50 क्विंटल खाद्यान्न उतरवा रहा था कोटेदार, तहसीलदार ने पकड़ा

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचारः** सरकारी सस्ते गल्ले (कोटे) की दुकान का राशन आढ़त पर ट्रक से उतरने की सूचना मिलने पर तहसीलदार निघासन ने राजस्व टीम के साथ छापा मारा। इस दौरान टीम ने 50 क्विंटल गेहूं बरामद किया है। तहसीलदार ने ट्रक को निघासन पुलिस को सौंपकर बरामद गेहूं को सीज कर दिया है। पूरे मामले की जांच पूर्ति निरीक्षक को सौंपी है।

तहसीलदार भीमचंद ने बताया कि ग्राम पंचायत मूड़ा बुजुर्ग के मजरा गुलरी पुरवा की सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान धनीराम गुप्ता के नाम है। धनीराम कोटेदार के साथ-साथ गल्ला आढ़ती भी है। उसकी निघासन में आढ़त है। उन्होंने बताया कि मुखबिर ने सूचना दी कि कोटेदार की आढ़त पर सरकारी सस्ते गल्ले का गेहूं ट्रक से उतारा जा रहा है। सूचना पर उन्होंने नायब तहसीलदार दिव्यांशु शाही के साथ आढ़त पर छापा मारा। छापा के दौरान टीम ने जब जांच की तो ट्रक से उतारा जा रहा गेहूं कोटे का मिला।

टीम ने मौके से 30 बंद बोरा व 30 क्विंटल खुला कुल 50 क्विंटल गेहूं बरामद किया। तहसीलदार ने बरामद खाद्यान्न को सील कर ट्रक निघासन पुलिस को सौंप दिया है। पूर्ति विभाग को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।



मौके पर मौजूद तहसीलदार भीमचंद, नायब तहसीलदार दिव्यांशु शाही। ● अमृत विचार

- राजस्व टीम ने ट्रक को कब्जे में लेकर पुलिस को सौंपा, पूर्ति निरीक्षक को सौंपी जांच



थाना के बाहर पुलिस अभिरक्षा में खड़ा सरकारी खाद्यान्न से भरा ट्रक।

## मच्छरों का प्रकोप, फाफिंग कराने की मांग

**रजागंज, अमृत विचार :** क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप जारी है। मच्छरों की रोकथाम के लिए जिम्मेदार कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं। कागजों में फागिंग दिखाकर कार्रवाई पूरी कर ली जाती है। हालत यह है कि शाम ढलते ही कस्बे व गांव में मच्छरों का प्रकोप शुरू हो जाता है। रजागंज, केसवापुर, जलालपुर, कस्बे के गांव करनपुर मुर्तिहा, ढखवा, अमकोटवा, खम्हौल, भल्लिया बुजुर्ग समेत आदि गांव मे मच्छरों के प्रकोप से बीमारियों ने पांव पसारने शुरू कर दिए हैं। ग्रामीण जाहिद खां, पप्पू, पिन्टू वर्मा, हीरालाल, जानकी प्रसाद, जगदीश, दिलीप गुप्ता नीरज आदि ने फांगिंग कराने की मांग की है।

## एक मरीज ने तीन पैथोलॉजी से कराई जांच, तीनों की रिपोर्ट अलग-अलग

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के लखीमपुर रोड राजेश मेडिकल स्टोर के निकट स्थित एक पैथोलॉजी के संचालक पर हीमोग्लोबिन की गलत रिपोर्ट देने का आरोप लगाते हुए पीड़िता के पति ने पुलिस में शिकायत की है।थाना हैदराबाद के गांव लीलापुर ग्रंट लंदनपुर निवासी उदय सिंह पुत्र मेवालाल ने पुलिस में दी तहरीर में कहा है कि उसने अपनी पत्नी पम्मी देवी (32) की हीमोग्लोबिन की जांच लखीमपुर रोड स्थित एक पैथोलॉजी से कराई, जहां रिपोर्ट में हीमोग्लोबिन 4.2 निकला, जिस पर उन्हें घबराहट हुई। तुरंत ही बांकेगंज रोड स्थित साक्षी पैथोलॉजी पर जांच कराई जहां 10.3 हीमोग्लोबिन निकला और एक सितंबर को मोहम्मदी रोड स्थित स्टार पैथालोजी पर जांच कराई तो वहां हीमोग्लोबिन 10.4 निकला। लखीमपुर रोड स्थित पहली जगह कराई जांच पर पहुंचकर वहां मौजूद स्टाफ से शिकायत करने पर उनसे अभद्रता करते हुए भगा दिया। पीड़ित ने पुलिस में तहरीर देकर गलत रिपोर्ट देने वाले पैथोलॉजी पर कार्रवाई की मांग की है।

# अटेवा की हुंकार, पुरानी पेंशन बहाली को दिल्ली होगा प्रस्थान



पुरानी पेंशन बहाली को लेकर हुई बैठक को संबोधित करते पदाधिकारी ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- छह सितंबर तक काली पट्टी बांधकर करेंगे विरोध प्रदर्शन

**अमृत विचारः** रविवार को गुरुनानक इंटर कॉलेज में नई पेंशन, यूपीएस व निजीकरण भारत छोड़ो, पुरानी पेंशन बहाली को लेकर अटेवा पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें आने वाले समय पर होने वाले आंदोलन की रूपरेखा, सदस्यता अभियान के अलावा ब्लॉक कार्यकारिणी पुनर्गठन पर विचार हुआ।

अटेवा जिला संयोजक विश्वनाथ मौर्या ने कहा कि हम शिक्षक कर्मचारियों को न एनपीएस, न यूपीएस सिर्फ और सिर्फ ओपीएस चाहिए। सरकार हठधर्मिता त्याग कर शिक्षक व कर्मचारी हित में पुरानी पेंशन बहाल करे। यदि सरकार हमारी मांग नहीं मानती है तो देशभर में दो से छह सितंबर तक कार्यस्थल पर काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगें। इसके बाद 26 सितंबर को जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन कर पीएम व सीएम को ज्ञापन भेजेंगे। जिला कोषाध्यक्ष राजेश पांडेय ने कहा कि इतने वर्षों की सेवा और नौकरी के बाद भी शिक्षक और कर्मचारियों को पुरानी पेंशन नहीं है। जबकि एक दिन के लिए भी जनप्रतिनिधि बनने वालों को पुरानी पेंशन और सुविधाएं दी जाती हैं। एक देश में दो विधान नहीं चलेंगें। नीलम राज ने संगठन को मजबूत करने का आह्वान कर महिलाओं की सहभागिता पर जोर दिया। गुरु नानक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ईशविंदर सिंह ने कहा कि पेंशन बुढ़ापे की लाठी है, सरकार सभी कर्मचारियों को पेंशन देने पर गंभीरता से विचार करे। संचालन डॉ. कमल किशोर मौर्य ने किया। सुरेंद्र मौर्य, अवधेश प्रताप, बलवीर सिंह यादव, लक्ष्मीनारायण दीक्षित, श्वेता पुरवार, आरती गुप्ता, मंत्री आशीष प्रताप श्रीवास्तव, विनोद विश्वकर्मा, कमलेश यादव आदि मौजूद रहे।

# फार्मासिस्ट व सफाई कर्मी मिले नदारद

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** सीएमओ ने रविवार एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित दो नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान नगरीय स्वास्थ्य केंद्र गोटैयाबाग के फार्मासिस्ट और निर्मलनगर में सफाई कर्मी नदारद मिलने पर स्पष्टीकरण तलब किया है।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निर्मल नगर में सफाई व्यवस्था बेहतर नहीं मिली। इस पर चिकित्साधिकारी इसे बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। वहीं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोट्टैयाबाग में फार्मासिस्ट की उपस्थिति लगी मिली, लेकिन वह गायब मिले। इस पर स्पष्टीकरण तलब किया गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कालाआम के निरीक्षण में के समय तक 108 मरीज देखकर छह की मलेरिया और एक की डेंगू जांच कराई गई थी। हालांकि जांच रिपोर्ट नेगेटिव रही। अस्पताल का सफाईकर्मी अनुपस्थित मिला। इस पर जवाब तलब कर प्रभारी चिकित्साधिकारी को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।



नगरीय स्वास्थ्य केंद्र गोटैयाबाग में उपस्थित रजिस्टर चेक करते सीएमओ।

## एक नजर

### पंखा लगाते समय करंट से महिला झुलसी

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बेहडा मुल्तान निवासी नीलम देवी (40) पत्नी वीरेन्द्र कुमार घर में काम कर रही थी। दोपहर में बिजली का पंखा लगाते समय उन्हे अचानक करंट लग गया, जिससे वह झुलस गईं। परिजन उन्हे सीएचसी लाए, जहां इलाज किया जा रहा है। जहां उनकी हालत खतरे के बाहर बताई जा रही है।

### तमंचा-कारतूस के साथ दो शातिर अपराधी गिरफ्तार

बेलरायां, अमृत विचार : बेलरायां चौकी पुलिस ने कस्बे के एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। उसके पास तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। इसके अलावा काफी समय से फरार चल रहे गांव रघुनगर निवासी एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान भेजा है। बेलरायां चौकी प्रभारी अभिषेक कुमार यादव ने बताया कि पुलिस ने गश्त के दौरान कस्बा बेलरायां निवासी शातिर अपराधी अंकित मौर्या को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपी इससे पहले भी चोरी आदि के मामले में जेल जा चुका है। कोर्ट से अंकित मौर्या के खिलाफ वारंट भी जारी था। पुलिस उसे खोज रही थी। इसके अलावा रघुनगर (कड़िया) निवासी सोनू सिंह को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान भेजा है।

### चोरी के सामान के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

मैलानी, अमृत विचार : मैलानी पुलिस ने चोरी के माल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका चालान भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि मैलानी थाना क्षेत्र के गांव चाचापुर निवासी अविनाश सिंह, जीत सिंह के यहां महीनों पहले चोरी हुई थी, जिसकी रिपोर्ट थाना मैलानी में दर्ज कराई गई थी। इस मामले में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी दूलीचंद पुत्र जयराम और फिल्टू पुत्र चन्द्रभान निवासी कंधईपुर को रविवार को अग्रवाल ईंट भट्टे के पास गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से एक सोलर पैनल 75 वाट, एक झटका बिजली मशीन, एक बैटरी 12 वोल्ट, पांच हार्सपावर का एक मोटर, पंखा बरामद हुआ है।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

### मैलानी-डालीगंज ट्रेन के नंबर आपस में बदले, आज से पीलीभीत तक जाएगी डालीगंज शाहगढ़ पैसेंजर

# परिवर्तित समय पर आज से चलेंगी चार पैसेंजर ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


लखीमपुर रेलवे स्टेशन।

**अमृत विचारः** मैलानी-पीलीभीत रेलखंड पर ट्रेन संचालन शुरू होने के चलते रेलवे ने मैलानी डालीगंज रूट पर चलने वाली दो जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों के समय में बदलाव कर दिया है। इसमें डालीगंज जाने वाली पैसेंजर ट्रेन का समय एक घंटे, सीतापुर जाने वाली ट्रेन का समय आधा घंटे बढ़ गया है, जबकि रात में डालीगंज व सीतापुर से मैलानी जाने वाली दोनों पैंसेजर ट्रेन के समय में दस मिनट इजाफा हुआ है।

सोमवार से मैलानी से डालीगंज व सीतापुर से मैलानी के बीच संचालित चार पैसेंजर ट्रेनें नए समय पर चलेंगी। रेलवे ने मैलानी से सीतापुर और डालीगंज जाने वाले दो पैसेंजर ट्रेनों के नंबर भी बदले हैं। इसमें मैलानी से डालीगंज जाने वाले 05085 का नंबर 05493 और शाहगढ़ से डालीगंज जाने वाली 05493 का नंबर 05085 हुआ है। लखीमपुर से रात में मैलानी जाने वाली पैसेंजर ट्रेनों के समय में 14 से 32 मिनट का इजाफा हुआ है, दोपहर में लखीमपुर से डालीगंज जाने वाली पैसेंजर ट्रेन के समय में 60 मिनट व रात में लखीमपुर से डालीगंज जाने वाली पैसेंजर ट्रेन में 31 मिनट का इजाफा हुआ है। इससे अब यह ट्रेनें सोमवार से नए समय पर चलेंगी।

> मैलानी पीलीभीत के बीच ट्रेन संचालन शुरू होने पर मैलानी डालीगंज चलने वाली दो जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों के समय में बदलाव हुआ है। सोमवार से संचालन नए समयानुसार होगा।
> –पंकज कुमार सिंह, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर

#### मैलानी-डालीगंज पैसेंजर में यह हुआ बदलाव

- स्टेशन बदला हुआ समय (ट्रेन नंबर- 05085-05493)
- मैलानी 19:50-11:45
- बांकेगंज 20:04-11:59
- गोला 20:18-12:20
- भल्लिया 20:28-12:34
- रजागंज 20:34-12:40
- फरधान 20:45-12:51
- देवकली 20:54-13:00
- लखीमपुर21:05 (पहले 20:34) 13:10 ( पहले12:09)
- हरगांव 21:39-13:43
- सीतापुर 22:25-14:30
- खैराबाद 22:33-14:40
- सिधौली 23:10-15:17
- बक्शी का तालाब- 23:50-16:08
- मोहिबुल्लापुर 12:08-16:19
- डालीगंज 12:40-16:50

#### 05492 (सीतापुर-मैलानी) का लखीमपुर से समय

- स्टेशन- समय
- लखीमपुर- 20:08 (पहले19:54)
- देवकली- 20:19
- फरधान- 20:40
- रजागंज- 20:51
- भल्लिया-20:57
- गोला- 21:11
- बांकेगंज- 21:25
- मैलानी-21:55

#### 05088 (डालीगंज-मैलानी) का सीतापुर से बदला समय

- सीतापुर- 20:35
- हरगांव- 21:36
- खीरी टाउन- 22:04
- लखीमपुर- 22:11 (पहले 21:39)
- देवकली- 22:22
- फरधान- 22:30
- रजागंज- 22:42
- भल्लिया-22:48
- गोला- 22:59
- बांकेगंज- 23:18
- मैलानी-23:45

### ट्रक की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**बेहजम, अमृत विचारः** थाना नीमगांव क्षेत्र में अछनियां गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी बेहजम लाया गया, जहां से डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना नीमगांव के गांव आल्हावापुर निवासी इतवारी (36) पुत्र शिवराम बाइक से मलिगावां गया था, जहां से वापस आते समय बेहजम चौकी क्षेत्र के तहत लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर गांव अछनियां के निकट ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंचे बेहजम चौकी प्रभारी प्रभात गुप्ता ने उसे गंभीर हालत में सीएचसी भेजा, जहां से डॉक्टरों के रेफर करने पर परिवार के लोग उसे जिला अस्पताल ले गए। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# ऑफिस के समय जिला मुख्यालय तक पहुंचने को नहीं मिली ट्रेन सेवा

### आवागमन को ट्रेन नहीं होने से दैनिक यात्री मायूस, रोजाना आते हैं जिलेभर से सैकड़ों लोग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


रेलवे स्टेशन लखीमपुर।

- मैलानी, गोला व तिकुनियां से आने वालों को होती हैं सबसे ज्यादा दिक्कतें
- डालीगंज-मैलानी ट्रेन संचालन के बाद भी नई ट्रेन नहीं मिलने लोगों में राष

**अमृत विचारः** मैलानी डालीगंज के बीच ट्रेन संचालन शुरू हुए काफी वक्त हो गया है। मगर, दैनिक यात्रियों को जिला मुख्यालय लखीमपुर तक आवागमन करने के लिए ट्रेन अब तक नसीब नहीं हुई है। इससे कोर्ट कचेहरी, विकास भवन एवं अस्पताल आने वाले लोग तमाम असुविधाओं के साथ अधिक किराया खर्च करने के लिए मजबूर हैं। हालांकि जिलेवासियों को उम्मीद थी कि मैलानी से पीलीभीत तक ट्रेन संचालन शुरू होने पर जिला मुख्यालय तक आने वालों को पैसेंजर ट्रेन मिलेगी, जिस पर भी रविवार को पानी पानी फिर गया।

मैलानी से डालीगंज के बीच ट्रेन चलते काफी दिन बीत चुके हैं। मगर, अब तक दैनिक यात्रियों को सुबह नौ से दस के बीच लखीमपुर पहुंचने और वापसी करने के लिए शाम चार से पांच के बीच ट्रेन की सौगात नहीं मिली है। जबकि जिला मुख्यालय पर रोजाना तिकुनियां, बेलरांया, पलिया से लेकर मैलानी, बांकेगंज, गोला व फरधान आदि से सैकड़ों लोग आवागमन करते हैं। ट्रेन न होने की वजह से यह लोग रोडवेज बसों से लेकर अन्य वाहनों में महंगा और कष्टकारी सफर करने के लिए मजबूर हैं। हालांकि जिलेवासी मैलानी पीलीभीत रेलखंड पर ट्रेन संचालन की शुरूआत होते ही मंशा पूरी होने की आस लगाए थे, जिस पर भी रविवार को पानी फिर गया।

#### ट्रेन और बस के किराये में है काफी अंतर

| | |
|---|---|
| गोला | ट्रेन 10 –बस 54 रुपये |
| भल्लिया | ट्रेन 10– बस 42 रुपये |
| रजागंज | ट्रेन 10–बस 37 रुपये |
| फरधान | ट्रेन 10–बस 26 रुपये |

#### महंगा और कष्टकारी सफर बन रहा मुसीबत


गोला निवासी अधिवक्ता विवेक अवस्थी बताते हैं कि यात्रा सुविधाजनक होनी चाहिए। भले ही पैसा ज्यादा लग जाए। मगर, रोडवेज बस में रेल से पांच गुने से अधिक 54 रुपये किराया देकर भी खड़े-खड़े यात्रा करनी पड़ती है। गोला से सुबह नौ व दस एवं लखीमपुर से शाम चार से पांच के बीच ट्रेन होने पर मात्र 20 रुपये में आना जाना होगा।


गोला निवासी मनोज गुप्ता बताते हैं किराया कम होने के साथ ट्रेन की यात्रा आरामदायक है। जबकि बस का सफर महंगा और कष्टकारी है। रेलवे को मीटर गेज की तरफ गोला से लखीमपुर जाने के लिए तिकुनियां पैसेंजर के समय पर एक ट्रेन का संचालन शुरू करना चाहिए।


गोला निवासी छात्र अवनीश प्रजापति बताते हैं कि कंपटीशन की तैयार के लखीमपुर कोचिंग करने जाते हैं। जो दस बजे से है। मगर, इस समय लखीमपुर पहुंचने के लिए कोई ट्रेन नहीं है। एक ट्रेन सुबह 05:30 और दूसरी दोपहर 12 बजे है। ऐसे में रोजाना 108 रुपये खर्च करना पड़ रहा है।


बेलरायां निवासी एवं व्यापारी नेता रमाशंकर पांडेय ने बताया कि छोटी लाइन पर तिकुनिया से पैसेंजर ट्रेन चलती थी, जो लखीमपुर दस बजे तक पहुंच जाती थी। क्षेत्र के लोग कम किराए में लखीमपुर पहुंच जाते थे। इसी तरह शाम को भी लोग रात 11 बजे तक वापस आ जाते थे।

### मारपीट, फायरिंग में 4 पर नामजद रिपोर्ट

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** गुरुवार की रात सिनेमा रोड पर हुई मारपीट और फायरिंग के मामले में दूसरे पक्ष ने चार लोगों के नामजद और 12-15 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जलालपुर निवासी नदीम पुत्र अलीजुल्ला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह सिनेमा रोड स्थित पीयूष मेडिकल एजेंसी पर काम करता है।

28 अगस्त को मेडिकल पर काम करने वाले रिषभ गुप्ता पुत्र अनूप गुप्ता से विवाद हो गया। जिसके बाद 29 अगस्त को रिषभ गुप्ता, उसके पिता अनूप गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता, रामजी गुप्ता पुत्र मुन्नालाल गुप्ता और गुलजार गुप्ता सहित 12-15 अज्ञात दुकान पर आये उसे पकड़ कर मारा पीटा और अवैध हथियार से फायरिंग करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने चारों के नामजद रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# लखीमपुर डिपो ने 27637 अभ्यर्थियों को कराई फ्री यात्रा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- डिपो की ओर से कटे 43 लाख रुपये तक की यात्रा के टिकट शहर में 15 केंद्रों पर पांच दिन हुई थी सिपाही भर्ती परीक्षा

**अमृत विचारः** यूपी पुलिस की पांच दिवसीय सिपाही भर्ती परीक्षा शनिवार को सकुशल संपन्न हो गई। परीक्षा के लिए नौ दिन तक लखीमपुर डिपो की बसों से 27637 अभ्यर्थियों ने मुफ्त यात्रा की है। इन सभी को जारी किए गए जीरो मूल्य के टिकट की कुल कीमत 42,78,240 रुपये है।

सिपाही परीक्षा दुबारा कराने पर सीएम योगी ने अभ्यर्थियों को रोडवेज बसों में प्रवेश पत्र पर परीक्षा केंद्र वाले जिलों तक जाने के लिए निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी, जिससे अभ्यर्थियों और उनके परिजनों पर आर्थिक बोझ न पड़े। ऐसे में पहले चरण में 23 से 25 और दूसरे चरण में 30 व 31 अगस्त को होने वाली परीक्षा के लिए 22 अगस्त से ही युवक युवतियां का आवागमन शुरू हो गया। शहर के 15 केंद्रों पर संपन्न हुई परीक्षा में जिले से जाने और जिले में आने वाले 27637 युवक युवतियों ने आवागमन किया।

> सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए डिपो की बसों से 27637 अभ्यर्थियों ने आवागमन किया। इनको जारी जीरो मूल्य के टिकट की कीमत 42 लाख 78 हजार 240 रुपये है।
> –गीता सिंह, एआरएम लखीमपुर डिपो

| तिथि | यात्री | धनराशि |
|---|---|---|
| 22अगस्त | 807 | 105282 |
| 23अगस्त | 3273 | 488785 |
| 24अगस्त | 4971 | 756566 |
| 25अगस्त | 5330 | 873749 |
| 26अगस्त | 2875 | 463075 |
| 27 अगस्त | 229 | 40810 |
| 29अगस्त | 733 | 110842 |
| 30 अगस्त | 3705 | 534077 |
| 31 अगस्त | 5714 | 905060 |

### घरथनिया-अजान मार्ग पर सड़क दुर्घटना में तीन घायल, रेफर

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : थाना हैदराबाद क्षेत्र के घरथनिया–अजान मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में गांव मूडा जवाहर के तीन लोग गंभीर घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी से इलाज के बाद हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव मूडा जवाहर निवासी गोपी सिंह (18) पुत्र राकेश, प्रिंस कुमार (17) पुत्र तेजकरन और आदित्य कुमार (17) पुत्र फूलचन्द बाइक से जा रहे थे, जो अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए, राहगीरों की मदद से सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर डाक्टरों ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## घर का ताला तोड़कर नगदी समेत हजारों रुपये की चोरी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।


कुम्हारन टोला में चोरों ने बिखेरा सामान।

**अमृत विचारः** नगर के मोहल्ला कुम्हारन टोला में चोरों ने ताला बंद मकान में घुसकर नकदी समेत हजारों का सामान चुरा लिया है। गृहस्वामी ने पुलिस को तहरीर दी है।

नगर में चोरी की वारदातें कम न होने का नाम नहीं ले रही हैं। लवप्रीत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह परिवार के साथ घर में ताला बंद कर रिश्तेदारी में गए थे। शनिवार की रात चोरों ने घर के दरवाजे का ताला तोड़कर चोर दो गैस सिलेंडर, कीमती बर्तन और दस हजार रुपये नगद चोरी कर ले गए हैं। इतना ही नहीं नगर में इससे पहले भी चोरी की तमाम वारदातें हो चुकी है, खुलासा किसी का न होने से नगरवासी दहशत में हैं।

### एक ही गांव के चार घरों में लाखों की चोरी

फरधान : अमृत विचार : क्षेत्र के गांव ओदरहना में शनिवार की रात चोर सर्वेश कुमार के घर से 98,600 रुपये की नगदी और जेवर, श्रीपाल वर्मा के घर से 1500 रुपये की नगदी व जेवर, विजय पाल के घर से 1500 रुपये–जेवर और संतोष कुमार के घर 1500 रुपए, डीएल, एटीएम कार्ड आदि चोरी कर ले गए। पीड़ितों ने संयुक्त तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

## वाहन बंद होने से नाराज ट्रांसपोटर्स सीएम से मिलेंगे

संवाददाता, पलिया कलां


ट्रक यूनियन की बैठक में मौजूद विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- बस-ट्रक यूनियन व ट्रांसपोर्टर्स की संयुक्त बैठक में लिया निर्णय
- दो माह से पलिया-भीरा मार्ग पर बंद है भारी वाहनों का आवागमन

**अमृत विचारः** शारदा नदी में आई बाढ़ के कारण पलिया-भीरा मार्ग पर पानी के तेज बहाव के चलते भारी वाहनों का आवागमन दो महीने से बंद है। बस और ट्रक ऑपरेटर्स यूनियन के चक्का जाम और उच्चाधिकारियों से वार्ता के बाद भी इसका समाधान नहीं निकल सका है। इस पर विचार विमर्श के लिए बस-ट्रक यूनियन व ट्रांसपोर्टर्स की संयुक्त बैठक में निर्णय लिया गया कि जल्द ही एक प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से मिलने जाएगा और अपनी व्यथा बताकर मार्ग पर वाहनों के संचालन शुरू कराने का अनुरोध करेगा।

भीरा रोड पर स्थित पलिया ट्रक ऑपरेटर्स एसोसिएशन के कार्यालय में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत पाल उर्फ मोंटी पाल की अध्यक्षता में संयुक्त बैठक हुई। बैठक में पलिया ट्रक ऑपरेटर्स एसोसिएशन, पलिया बस यूनियन, नगर व्यापार मंडल मिश्रा गुट, नगर व्यापार मंडल कंछल गुट के पदाधिकारियों के अतिरिक्त अनेक व्यापारियों व ट्रांसपोर्टर ने भाग लिया। ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील छतवाल और महामंत्री कमल चड्ढा ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि को दो महीने से चली आ रही इस समस्या से अवगत कराया। कहा कि पलिया-भीरा राष्ट्रीय मार्ग 731 की ओर शासन -प्रशासन की तरफ से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जब भी शारदा नदी का पानी बढ़ जाता है। अतरिया गांव से शारदा पुल के बीच नदी का तेज प्रवाह सड़क पर चलने लगता है तो सभी वाहनों का आवागमन बंद कर दिया जाता है। भारी वाहनों का संचालन दो माह से पूरी तरह ठप है। इससे यहां की बाजार में महंगाई भी बढ़ रही है।

प्रशासन जबरदस्ती वाहनों को रोकने का काम करता है। इससे टकराव की स्थिति बन जाती है। इस पर सर्व सम्मति से मुख्यमंत्री से मिलकर समस्या के समाधान के आग्रह का निर्णय लिया गया। इस पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत पाल अहलूवालिया ने भी सहमति दी। बैठक को नगर व्यापार मंडल मिश्रा गुट अध्यक्ष अनूप मिश्रा, नगर व्यापार मंडल कंछल गुट के अध्यक्ष गौरव गुप्ता आदि कई पदाधिकारियों ने भी बैठक को संबोधित किया।

## घर के बाहर बंधे पालतू कुत्ते को तेंदुए ने बनाया निवाला

संवाददाता, निघासन


घटनास्थल पर मौजूद वन विभाग की टीम।

**अमृत विचारः** थाना मझगई के गांव लोखंदरपुर में तेंदुए ने घर के बाहर बंधे पालतू कुत्ते पर हमला बोल दिया और अपना निवाला बना डाला। इससे गांव और आसपास के इलाकों में तेंदुए की दहशत व्याप्त हो गई है।

गांव लोखंदरपुर निवासी सांवलिया प्रसाद का पालतू कुत्ता घर के बाहर बंधा था। रात में किसी समय तेंदुए ने कुत्ते पर हमला कर दिया और उसे अपना निवाला बना डाला। सुबह होने पर परिवार वाले जागे और घर के बाहर आए तो कुत्ते का अधखाया शव देख उनके होश उड़ गए। घर वालों ने इसकी जानकारी यूपी 112 पुलिस व वन विभाग को दी। मौके पर पहुंचे वन दरोगा राजेंद्र वर्मा ने बताया की पग चिन्हों के अनुसार तेंदुए ने कुत्ते का शिकार किया है। उन्होंने गांव वालों से सतर्कता बरतने और समूह में खेतों की तरफ आने जाने की अपील की है। साथ ही वन विभाग की पेट्रोलिंग कर रही है।

## युवक ने दुपट्टे से फंदा लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, मैलानी

**अमृत विचारः** नगर के मस्जिद वार्ड में युवक ने अज्ञात कारणों से दुपट्टे से फंदा लगाकर जान दे दी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


शिवम फाइल फोटो।

थाना मैलानी के मस्जिद वार्ड नंबर 11 निवासी शिवम (20) पुत्र हरिश्चंद्र ने उस समय फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, जब उसके घर में कोई नहीं था। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसके दोनों भाई आकाश और विकास दिल्ली में काम करने के लिए गए हैं। पिता भी जिला शाहजहांपुर के बंडा गांव में मजदूरी करने गए थे। शिवम् भी दिल्ली से काम करके दो-तीन दिन पहले ही घर आया था। मोहल्ले वासियों ने बताया मृतक शिवम दो दिनों से काफी टेंशन में था। रविवार की रात नौ बजे पड़ोसियों ने उसे देखा। उसके बाद से शिवम किसी को नजर नहीं आया। इससे अंदाज़ा लगाया जा रहा है कि रात में ही किसी समय शिवम ने फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा भर के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया मृतक के पास मोबाइल मिला है। मृतक के पिता हरिश्चंद्र ने दी हुई तहरीर में बताया कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी भी नहीं थी। उनका पुत्र घर में अकेला था। किसी बात को लेकर अज्ञात कारणों से फंदा लगा लिया है।


मैलानी में मृतक के घर के बाहर लगी भीड़। ● अमृत विचार

### मृतक के मोबाइल से खुल सकता है राज

पास पड़ोस के लोगों ने दबी जुबान में बताया कि शिवम को पहले कभी नशा करते हुए नहीं देखा। अभी दो दिन से काफी नशे में रहता था। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि घर में ही किसी से कोई विवाद हुआ होगा। फांसी लगाने से एक दिन पहले ही कुछ लोगों ने यह कहते हुए सुना था कि हमें कोई मकान नहीं बनवाने दे रहा है।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** कोतवाली धौरहरा क्षेत्र में एक युवक का शव गांव के बाहर पेड़ से लटका मिला। पुलिस के मुताबिक कफारा पुलिस चौकी के गांव परौरी निवासी विक्रम (19) पुत्र जग प्रताप देर शाम घर से निकला था। रविवार को उसका शव गांव के ही रमेश वर्मा की बाग में एक पेड़ से लटका देखा गया। शव लटके होने की सूचना पर तमाम लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। रोते-बिलखते परिवार के लोग भी पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव नीचे उतारा और पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। चौकी प्रभारी कफारा अजय कुमार सिंह ने बताया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह पता चल सकेगी।

## बहादुर नगर में डेंगू का मरीज मिलने पर लगा स्वास्थ्य शिविर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


बच्चे की जांच करते स्वास्थ्य कर्मी।

**अमृत विचारः** बुखार का प्रकोप दिन पर दिन बढ़ रहा है। बदलते मौसम में अधिकतर घरों में लोग बुखार में तप रहे हैं। शहर के मोहल्ला प्यारेपुर और बहादुर नगर में बुखार के कई मामले सामने आने पर रविवार को शिविर लगाकर डेंगू व मलेरिया की जांचकर बुखार रोगियों को दवाएं दी गईं। उधर, जिला कारागार में बंदियों को मच्छरजनित बीमारियों से बचाने के लिए एंटीलार्वा का छिड़काव कराया गया।

जिला मलेरिया अधिकारी हरिशंकर ने बताया कि सीएमओ के निर्देश पर मोहल्ला प्यारेपुर में हेल्थ कैंप लगाकर मलेरिया और डेंगू की जांच कर बुखार रोगियों को दवा दी गई। इसी तरह मोहल्ला बहादुरनगर में डेंगू का मरीज मिलने के बाद उसके घर के आस पास एंटीलार्वा का छिड़काव कराकर लोगों को मच्छरजनित बीमारियों से बचने के लिए जागरूक किया गया। इसके अलावा जिला कारागार और उसके आसपास एंटीलारवा का छिड़काव कराया गया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैंने अपने पुत्र मो. यासीन और पुत्रवधू राजवी उर्फ रजिया को उसके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में वह अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। उसका मेरा और मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा।
जुबेदा बेगम पत्नी छोटे बक्श निवासी मोहल्ला रजागंज वार्ड नं0 23 तहसील पूरनपुर, जिला पीलीभीत

सूचना
सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Vikas Agarwal से बदलकर Vikash Agarwal पुत्र Arun Kumar Agarwal निवासी मोहल्ला मिर्धान निकट बाला जी एजेन्सी, राम लीला ग्राउंड के सामने, फरीदपुर बरेली कर लिया है। भविष्य में इसी नये नाम का प्रयोग करूंगा।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## नमकीन में निकली मरी चुहिया, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत

**केशवापुर, अमृत विचारः** नमकीन पैकेट के अंदर मरी हुई चुहिया निकलने से उपभोक्ता दंग रह गया, जिसने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है। स्थलीय जांच करने आए खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी पर खानापूर्ति करने का आरोप लगाया है। कुंभी ब्लाक के ग्राम मगदापुर निवासी वैभव शुक्ला ने गोला के मामाजी फूड प्रोडक्शन की नमकीन गांव में सेल्समैन से खरीदी थी, जिसमें एक तला हुआ चूहा निकला। वह नमकीन का पैकेट उसने मेहमानों के सामने ही खोला था। जिसकी शिकायत आईजीआरएस पर 18 अगस्त को की है। जांच कर रहे फूड अधिकारी ने कार्रवाई करने के बजाए केवल खानापूर्ति कर शिकायतकर्ता को फोन कर ऑफिस बुलाया। वैभव शुक्ला ने नमकीन उत्पादक के साक्ष्य जुटाने का अनुरोध किया था, जिसे जांच अधिकारी ने 28 अगस्त को मामाजी फूड प्रोडक्ट/नमकीन निर्माण इकाई का निरीक्षण किये जाने के साथ खानापूरी की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने भेजी रिपोर्ट में लिखा है कि निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में नमकीन निर्माण का कार्य संचालित पाया गया। साफ सफाई की व्यवस्था संतोषजनक थी। फ्लाई एवं रेट ट्रेपर की व्यवस्था पायी गयी। मानक के अनुरूप न होने के संदेह के आधार पर नमकीन का नमूना वास्ते जांच संग्रहित किया।

# चीन निर्मित बोरियों में विस्फोटक है या कास्टिक सोड़ा

## एफएसएल की टीम ने लिए नमूने, जांच के बाद उठेगा पर्दा, डॉग स्क्वायड पहुंचा, एसपी ने हिरासत में लिए लोगों से की पूछताछ

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** भारत-नेपाल सीमा पर बंशीनगर के पास शनिवार को पकड़े गए ट्रक में बरामद हुई चीन निर्मित बोरियों में विस्फोटक है या फिर कास्टिक सोडा। पुलिस इसका 48 घंटे बाद भी पता नहीं लगा सकी है। रविवार को पहुंची विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम ने बरामद संदिग्ध पाउडर का नमूना लिया और जांच के लिए भेजा है। उधर, एसपी ने देर शाम कोतवाली पहुंचकर पूरे मामले की सीओ से जानकारी ली। पुलिस हिरासत में मौजूद एक प्रधान समेत सात लोगों से पूछताछ की जा रही है।


शनिवार को एक ट्रक चंदन चौकी से पलिया की तरफ आ रहा था। सीओ यदुवेंद्र सिंह ने मुखबिर की सूचना पर ट्रक को बंशीनगर के पास रोक लिया और तलाशी ली तो उसमें 360 बोरियां बरामद हुईं। इन बोरियों पर लगे रेपरों पर सोडा एस लाइट मेड इन चाइना लिखा था। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर मौके पर पकड़े गए लोगों से पूछताछ की। इसके बाद पुलिस ने अभियान चलाकर पलिया, चंदन चौकी, गौरीफंटा आदि जगहों पर छापेमारी की। चंदन चौकी क्षेत्र के थारु ग्राम मसानखम्भ में बने एक गोदाम से पुलिस ने तीन बोरियां बरामद कर कब्जे में ली थीं। ट्रक को पकड़े 48 घंटे से अधिक का समय हो चुका है, लेकिन पुलिस अभी तक इस बात का खुलासा नहीं कर सकी है कि आखिर बोरियों में कास्टिक सोडा है या फिर कोई विस्फोटक सामग्री। रविवार को विधि विज्ञान प्रयोगशाला से आई विशेषज्ञों की टीम ने नमूने लिए हैं, जिन्हें जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजा गया है। पुलिस की हिरासत में एक ग्राम प्रधान समेत सात लोग हैं, जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है।



पलिया कोतवाली में घटना की जानकारी लेते एसपी गणेश प्रसाद साहा ● अमृत विचार



चंदन चौकी क्षेत्र के गांव में बने गोदाम की तलाशी लेता एसएसबी का डॉग स्क्वायड।




ट्रक में मेड इन चाइना के रैपर वाली बोरियां।



पलिया पुलिस द्वारा पकड़ा गया ट्रक।

"चीन निर्मित बोरियां मिली हैं। बोरियों में जो पाउडर है। वह वास्तव में क्या है। इसकी अभी जानकारी नहीं हो सकी है। फोरेंसिक टीम आई थी। नमूना लेकर जांच के लिए भेजा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही इस बात का पता चल सकेगा कि बोरियों में कौन सा पाउडर है। **-यादवेंद्र यादव, सीओ पलिया**"

### हरियाणा भेजा जा रहा था माल

भारत-नेपाल सीमा पर बड़े पैमाने पर तस्करी होती है। जबकि एसएसबी, के साथ ही कस्टम, आईबी, समेत अन्य सुरक्षा एजेंसियां सीमा पर तैनात हैं। इसके बाद भी तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रही है। सूत्रों ने बताया कि यह कारोबार काफी लंबे समय से चल रहा है। पकड़ा गया माल हरियाणा के सोनीपत जा रहा था।

### ग्राम प्रधान बताया जा रहा मास्टर माइंड

पुलिस की छापामारी रविवार को भी जारी रही। पुलिस ने गोदाम मालिक के दो अन्य भाइयों व एक ग्राम प्रधान को हिरासत में लिया है। इन सबसे पुलिस पूछताछ कर रही है। ग्राम प्रधान को बरामद माल का मास्टर माइंड बताया जा रहा है। देर शाम पलिया पहुंचे एसपी गणेश प्रसाद साहा ने सीओ से पूरे मामले की जानकारी ली।

### कस्टम-जीएसटी अधिकारी जांच को पहुंचे

कस्टम विभाग और जीएसटी के अधिकारी भी सोमवार को कोतवाली पहुंचे। उन्होंने भी मामले की जांच शुरू की है। लैब से जांच रिपोर्ट आने के बाद भी चीन निर्मित इन बोरियों में कौन सी वस्तु है। इसका खुलासा हो सकेगा।

## सार-संक्षेप

### अंबेडकर सेवा संस्थान ने मनाई ललई सिंह की जयंती



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** संत रविदास डॉ बीआर आंबेडकर सेवा संस्थान में द बुद्धिस्ट सोसाइटी आफ इंडिया के तत्वावधान में ललई सिंह यादव की जयंती धूमधाम से मनाई गई। बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ बीआर गौतम ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर कहा कि ललई सिंह यादव का जन्म कानपुर देहात में सामान्य कृषक परिवार में हुआ था। वह सामाजिक कार्यकर्ता और लेखक थे। उन्होंने शम्भूक वध जैसे नाटक लिखे। ऐसे व्यक्तित्व के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया। जयंती समारोह में सुरेन्द्रपाल सिंह, शम्भू दयाल चौधरी, कांशीराम, दर्शन लाल आदिम, रामाकांत चौधरी एडवोकेट, विक्रम सिंह, सुनील चौधरी, योगेन्द्र टाइगर, डॉ सुमित सेठ, सन्तोष कुमार, विपिन चौधरी आदि मौजूद रहे।

### पीड़ित परिवार से मिले हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारी



**बिलहरी, अमृत विचार :** हिन्दू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी ने इमलिया गांव पहुंचकर बाघ के हमले में हुई मौत के मामले में पीडित परिवार से भेंट कर हर संभव सहायता दिलाने और बाघ को पकड़वाने के लिए अधिकारियों पर दबाव बनाने का आश्वासन दिया। महेशपुर रेंज क्षेत्र के गांव इमलिया में 27 अगस्त को गन्ने के खेत में काम करते समय अमरीश कुमार (48) पर बाघ ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। हिन्दू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी विपिन मिश्रा ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिलकर शासन द्वारा मिलने वाली आर्थिक मदद के लिये उच्च अधिकारियो से वार्ता की। उन्होंने मदद का अश्वासन दिया और वन अधिकारियों से बाघ को जल्द पकड़ने के लिए कहा।

### जमुनहां में धूमधाम से निकाली गई दधि कांधो यात्रा

**रोशननगर, अमृत विचार :** बांकेगंज ब्लाक के गांव जमुनहां में दधि कांधो यात्रा भगवान श्रीकृष्ण की झांकी बना कर पालकी पर निकाली गई। यात्रा में श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाते रहे। ग्राम प्रधान सचिन वर्मा ने बताया कि दधि कांधो के लगे मेले में खेल, सौंदर्य प्रसाधन, जंपिंग झूला, जलेवी, मिष्ठान आदि की दुकानें सजी रहीं। जिन पर काफी भीड़ रही। रात्रि में दुर्गा माता मन्दिर पर जागरण कराकर प्रसाद भी वितरण किया गया।



### बारावफात को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई

**संपूर्णानगर, अमृत विचार :** थाना संपूर्णानगर में रविवार को बारावफात को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। थाना प्रभारी निराला तिवारी ने मस्जिदों के मौलाना एवं मुस्लिम सामुदाय के लोगों के साथ ही अन्य प्रबुद्धजनों के साथ बैठक की। थाना प्रभारी आगामी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाए जाने में सहयोग की अपील की। बताया कि बारावफात का जुलूस सुमेर नगर, संपूर्णानगर एवं खजुरिया में निकाला जाता है। बैठक में भानपुरी खजुरिया प्रधान प्रभुनाथ, महामंत्री इस्तियाक अहमद खान, कांग्रेस के नगर अध्यक्ष राजन यादव, कमरूल जमा, समीम अहमद, शमशाद खान, लल्लन गौड़, रानीनगर प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र आदि मौजूद रहे।



### वूमेंस सोसाइटी ऑफ गोला ने किया पौधरोपण

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** वूमेंस सोसाइटी ऑफ गोला की पदाधिकारियों ने नगर की कृष्णा वाटिका में पदाधिकारियों को पौधरोपण के लिए जागरूक कर विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया। सोसाइटी की अध्यक्ष प्रमिला गुप्ता ने कहा कि वर्तमान में ऐसी स्थितियां बन रही हैं कि वृक्ष कटते जा रहे हैं, जिससे पर्यावरण संतुलन को खतरा उत्पन्न हो रहा है। इसलिये सभी को पौधरोपण करना चाहिए। पदाधिकारियों ने अशोक, कटहल, अमरूद, केला, गुड़हल, चांदनी, लैला मजनू, नीबू आदि के 25 पौधों का रोपण किया। महामंत्री अंशू आनंद, मंत्री रत्ना अवस्थी, राखी गुप्ता, आराधना गुप्ता, रेखा गुप्ता, श्वेता, शीलू, मीना भसीन, रोली आदि मौजूद रहीं।




### बीएसएनएल पाइप से थे परेशान, ग्रामीणों ने मिट्टी में दबाया

**संपूर्णानगर, अमृत विचार :** गांव रानीनगर कॉलोनी के मुख्य रास्ते पर बीएसएनएल ने कई साल पहले खुदाई कर ब्राडबैंड की केबिल भूमिगत बिछाई थी, किंतु कुछ स्थानों पर केबिल का कुछ हिस्सा मजदूरों ने ऊपर ही छोड़ दिया था और नाली की पटाई भी ठीक से नहीं की थी, जिस कारण लोग गिरकर चोटिल होते जाते थे। परेशान होकर ग्रामीणों ने श्रमदान कर केबिल को दबा दिया है। कॉलोनी स्थित गणेश मंदिर के पास पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य धर्मेन्द्र मौर्य के घर की तरफ जाने वाले रास्ते की मोड़ पर भी केबिल रास्ते में पड़ा था, जिससे पैदल, साइकिल व बाइक सवार केबिल से टकराकर घायल होते थे। दो दिन पहले गांव निवासी सुग्रीव प्रसाद फंसकर बाइक समेत गिरकर घायल हो गए थे। इस पर गांव निवासी युवा निमित श्रीवास्तव व रवि मौर्य ने वरिष्ठ नागरिक प्रमोद श्रीवास्तव व आनंद पांडेय के निर्देशन में रविवार को नाली खोदकर उक्त केबिल को भूमिगत किया।



## श्री गणेश उत्सव की तैयारियां ध्वज-भूमि पूजन के संग शुरू



भैठिया में गणेश उत्सव के लिए ध्वज पूजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, मूड़ा सवारान

**अमृत विचारः** सात सितंबर से शुरू होने वाले गणेश उत्सव को लेकर ग्राम भैंठिया में रविवार को पंडित संजय कुमार शुक्ला ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि और ध्वज पूजन कराया।

विकासखंड बांकेगंज की ग्राम पंचायत भैंठिया में सात सितंबर से 14 सितंबर तक होने वाले गणेश पूजा महोत्सव का रविवार को पूजा अर्चना के साथ भूमि, ध्वज पूजन किया गया। गणेश उत्सव कमेटी के प्रबंधक कैलाश वर्मा ने बताया कि भूमि पूजन के साथ ही यहां पर गणेश उत्सव धूमधाम से मनाने की तैयारी शुरू हो गई है। सेवादारों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई है। एक सप्ताह तक गजानन के दिव्य दर्शनों के लिए कृत्रिम दरबार का निर्माण कर भक्तों द्वारा गणेश दरबार को भव्य रूप दिया जाएगा। भूमि पूजन के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। कमेटी अध्यक्ष सुशील वर्मा ने बताया कि सात सितंबर को मूर्ति स्थापना, 13 सितंबर को कन्या पूजन एवं जगराता एवं 14 सितंबर को मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। सात सितंबर से 13 सितंबर तक प्रतिदिन दरबार में रात्रि जागरण एवं सजीव झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। पूर्व ग्राम प्रधान संतराम वर्मा, कमल बाम्बा, कन्हैया लाल पुजारी, पंकज वर्मा, सुरेश मौर्य, आशीष पटेल, अनुपम वर्मा, मोनू श्रीवास्तव, सचिन कश्यप रहे।

## आबकारी निरीक्षक ने शराब की दुकानों के अभिलेख जांचे

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** आबकारी निरीक्षक प्रेम सिंह ने रात में अपनी टीम के साथ नगर की शराब, बियर की दुकानों का निरीक्षण कर अभिलेख देखे और दुकान के अन्दर शराब पिलाई जाने को लेकर नाराजगी व्यक्त की। शनिवार की रात 10 बजे सिनेमा रोड स्थित अंग्रेजी शराब और बियर की दुकान का आबकारी विभाग की टीम ने निरीक्षण किया, जहां उन्हें बियर की दुकान के अंदर डिस्पोजल ग्लास और दुकान के अंदर कुछ युवक शराब पीते मिले। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि मोहल्ले वालों के द्वारा युवकों को दुकान के अंदर शराब पिलाने की शिकायत की गई थी। सिनेमा मार्ग स्थित दोनों दुकानों के सभी अभिलेख दुरुस्त मिले हैं।



निरीक्षण करते आबकारी निरीक्षक।

## मशाल जला रात बिता रहे बाघ से डरे ग्रामीण

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



मशाल जलाकर निकलते ग्रामीण ● अमृत विचार

- एक महीने में तीन लोगों की जान ले चुका है बाघ
- रात में लाठी डंडे लेकर खुद कांबिंग करने लगे ग्रामीण

**अमृत विचारः** एक महीने में बाघ तीन लोगों की जान ले चुका है। बाघ की दहशत से हैदराबाद थाना क्षेत्र के इमलिया और अन्य गांवों के ग्रामीणों की नींद उड़ गई है। ग्रामीण मशाल जलाकर रात जागकर बिता रहे हैं। खेतों से वापस घर आते समय मशाल जलाकर निकल रहे हैं। रात में लाठी-डंडा लेकर गांव में खुद ही कॉम्बिंग कर रहे हैं। कई लोग एक साथ चलते हैं।

बता दें कि थाना हैदराबाद के गांव इमलिया में बाघ ने 27 अगस्त को गांव के अमरेश कुमार को हमलाकर उस समय मार डाला था। जब वह खेत में घास काट रहा था। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने युवक का शव सड़क पर रखकर वन कर्मियों का घेराव कर जमकर हंगामा किया था। वन विभाग ने बाघ को पकड़ने को 24 कैमरे और दो कैमरे लगाए, लेकिन वह अब तक पकड़ से बाहर है। भयभीत ग्रामीणों ने अपनी सुरक्षा खुद ही संभाली है। गांव अजान के किसान नेता श्रीकृष्ण वर्मा, इमलिया के हरि शरण शुक्ला आदि का कहना है कि वन विभाग जिस तरह पिंजरे लगाकर बाघ को पकड़ने की कोशिश कर रहा है। उससे बाघ पकड़ में आने वाला नहीं है। वनकर्मी जिस स्थान पर पिंजरे लगते हैं बाघ वहां से दूसरे स्थान पर चला जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों से आदेश कराकर जब तक बाघ को बेहोश करने वाली गोली नहीं मारी जाती तब तक वह पकड़ में आने वाला नहीं है। उनका आरोप है कि वन विभाग ने जो पिंजड़े लगाए हैं उनमें ज्यादातर खराब हैं। बाघ की दहशत इस कदर फैली है कि लोग रात जाग कर बिता रहे हैं। खेतों को जाते और वापस आते वक्त मशाल जलाकर निकल रहे हैं। अमरेश को मारने वाला बाघ अब तक वन विभाग की पकड़ में नहीं आया है। 24 कैमरे, दो पिंजड़े और अधिकारियों की कॉम्बिंग के बाद विभाग को सिर्फ बाघ की तस्वीर मिली है। बताया जा रहा है कि बाघ की तस्वीर कैमरे में कैद हुई है। कैमरे में तस्वीर कैद होने, खेतों में पगचिन्ह मिलने से पुष्टि होती है कि बाघ अब तक गन्ने में मौजूद हैं।

## बजाज चीनी मिल के मजदूर दूसरे दिन भी आक्रोशित होकर धरने पर बैठे रहे

संवाददाता, पलियाकलां

- श्रमिक नेताओं ने मिल प्रबंधतंत्र की स्थानांतरण नीति को बताया गलत

**अमृत विचारः** बजाज चीनी मिल के 116 श्रमिकों के अचानक दूसरी यूनिटों में किए गए स्थानांतरण से आक्रोशित श्रमिकों ने रविवार को भी धरना- प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

धरनास्थल पर हुई सभा में कर्मचारी नेता निर्भय नारायण सिंह ने कहा कि मिल प्रबंधन श्रमिकों के साथ पूरी तरह अन्याय करने पर आमादा है। एक साथ अनेक श्रमिकों का दूसरी जगह अचानक स्थानांतरण किया जाना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। इसके अतिरिक्त धरने को दिनेश कुमार, राजेश तिवारी, अफरोज अंसारी, अखिलेश सिंह, मनीष सिंह, प्रिंस कुमार आदि ने भी संबोधित किया। इस बीच कर्मचारियों ने चीनी मिल के यूनिट हेड, एचआर एवं प्रबंध तंत्र के खिलाफ नारेबाजी भी की।




पलिया की बजाज चीनी मिल में धरना दे रहे श्रमिक। ● अमृत विचार

## फ्लाईओवर का उद्घाटन किया

**चपरतला, अमृत विचारः** दिल्ली-लखनऊ राजमार्ग को जोड़ने वाली सड़क पर यात्रियों को बड़ी राहत मिल चुकी है। हेमपुर रेलवे क्रॉसिंग पर आए दिन जाम को लेकर यात्री परेशान होते रहते थे, लेकिन अब फ्लाईओवर बनकर तैयार हो गया है, जिसका उद्घाटन एनएचएआई के रेजिडेंट इंजीनियर आरएस पांडे ने फीता काटकर किया।

## चेहल्लुम मेला संपन्न

**निघासन, अमृत विचारः** थाना मझगईं के गांव पिरथीपुरवा में चेहल्लुम मेला कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हो गया। मेले में महिलाएं, पुरुष और बच्चों ने आनंद लिया।

## पटना स्कूल के शौचालय में लटका रहता है ताला

संवाददाता, बग्घून

**अमृत विचारः** मितौली ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत मूड़ा हरदासपुर के गांव पटना के प्राथमिक विद्यालय प्रथम में बने शौचालय में ताला बंद रहने से विद्यार्थियों को दिक्कतें होती हैं। छात्राओं को सुरक्षा का भी खतरा बना हुआ है।

बालक और बालिकाओं को शौच के लिए बने शौचालय में ताला बंद रहने से शौच के लिए अपने घर जाना पड़ता है। प्रधानाध्यापक विनोद कुमार ने बताया कि साफ सफाई के अभाव में ताला बंद कर दिया गया है। सफाई कर्मी विद्यालय में नहीं आता है। स्कूल के पास कोई भी फंड सफाई करने के लिए नहीं आता है। जिससे विद्यालय की सफाई कराई जा सके।



पटना प्राथमिक विद्यालय के शौचालय में पड़ा ताला।

"विद्यालय का समय दो बजे तक है। शौचालय में ताला नहीं लटकाना चाहिए। यदि ताला लटक रहा है तो जांच कर कार्रवाई करेंगे। **– भगवानदास खंड शिक्षा अधिकारी मितौली।**"

## वृद्धावस्था स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

**अलीगंज, अमृत विचार :** राज्य आयुष सोसायटी की ओर से विकास खंड बांकेगंज की ग्राम पंचायत रोशन नगर कुसमौरी में वृद्धावस्था स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। साथ ही बुजुर्गों को आयुर्वेदिक दवाओं का वितरण कर योगाभ्यास कराया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक व यूनानी अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सचान के निर्देशन में अलीगंज की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रिचा श्रीवास्तव ने वृद्धाजनों की जांच भी की। इसमें सर्दी, जुकाम, बुखार, खांसी, कमर दर्द, गठिया के मरीज मिले। अमन शुक्ला, छोटेलाल, सुमित्रा, प्रदीप कुमार उर्मिला, राम सिंह, रामकुमार आदि को परामर्श देकर योगाभ्यास कराया।

## बिजली गुल होने पर जाम लगाकर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- गुरु गोविंद सिंह चौक पर लगाया जाम, बिजली विभाग के खिलाफ की नारेबाजी

**अमृत विचारः** बेपटरी हुई शहर की बिजली व्यवस्था के विरोध में उपभोक्ताओं का शनिवार की देर रात आक्रोश फूट पड़ा। कई मोहल्लों के बड़ी संख्या में उपभोक्ता गुरु गोविंद सिंह चौक पहुंचे और सड़क जाम कर प्रदर्शन करने लगा। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह से लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। तब जाकर करीब दो घंटे बाद जाम खुल सका।

मोहल्ला नई बस्ती स्थित पावर हाउस की सीटी फुंकने से महाराजनगर, विकास भवन, नई बस्ती समेत कई मोहल्लों की शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे से बिजली आपूर्ति ठप थी। उपभोक्ता बिजली आने का इंतजार करते रहे, लेकिन शाम तक बिजली नहीं आई। उपभोक्ताओं ने जब पावर हाउस पर संपर्क किया तो कर्मचारी कुछ ही देर में आपूर्ति चालू होने की बात कहते रहे। इधर बिजली न आने से लोगों के घरों पर लगे समरसेवल, मोटर आदि भी नहीं चल सके। इससे उन्हें पानी की समस्या से भी जूझना पड़ा। दस घंटे से अधिक समय तक बिजली आपूर्ति बहाल न होने पर उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब दे दिया। बड़ी संख्या में कई मोहल्लों के उपभोक्ता रात करीब 11 बजे गुरु गोविंद सिंह चौक पहुंचे और मार्ग जाम कर प्रदर्शन करने लगे। उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने एसडीओ सिटी से वार्ता की और प्रदर्शनकारियों को काफी समझाया बुझाया। तब जाकर लोग शांत हुए और प्रदर्शन समाप्त कर अपने घरों को लौट गए। प्रदर्शन समाप्त होने के करीब डेढ़ घंटे बाद सप्लाई चालू कर दी गई। जेई शेर सिंह ने बताया कि सीटी फुंकने से दिक्कत आई थी, जिसे ठीक कराकर बिजली सप्लाई शुरू करा दी गई है।

## भीषण गर्मी में बिजली कटौती से लोग बेहाल

**रोशननगर, अमृत विचार :** क्षेत्र में बिजली कटौती से दर्जनों गांव के उपभोक्ता बेहाल हैं। बिजली विभाग के अधिकारी उपभोक्ताओं की शिकायत पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उपकेंद्र हैदराबाद के अधिकारियों की मनमानी के कारण कई दिनों से जमकर बिजली कटौती की जा रही है। बिजली घर का नंबर बंद रहता है। लोगों का कहना है कि यदि कभी घंटी जाती है तो फोन नहीं उठता हैं। इससे क्षेत्र के दर्जनों गांव की बिजली रामभरोस है, जो सरकार के आदेश के बाद भी नहीं सुधरी है। दर्जनों गांव के लोगों को अंधेरे मे रहना पड़ता है। आलम यह है कि रात 11 बजे बिजली आने पर एक दो घंटे बाद कटौती होती है। सुबह दो घंटे आने के बाद पूरे दिन गायब रहती है। कभी कभार शाम 5 बजे आती हैं तो दो घंटे में 20 बार ट्रिपिंग और कटौती होने से मोबाइल, बिजली चालित उपकरण, इनवर्टर, पंखे शो पीस बने हुए हैं।

## दुकान में आग लगने से हजारों का नुकसान

**अलीगंज, अमृत विचारः** कस्बा चौराहा स्थित रानू की सब्जी फल की दुकान में शनिवार रात करीब दो बजे आग लगने से हजारों का नुकसान हुआ है। दुकान स्वामी रानू ने बताया कि शाम को वह दुकान बंद कर घर चला गया। रात दो बजे उसकी दुकान में आग लग गई, जिससे दुकान में रखा फ्रिज, कूलर, पंखा, इनवर्टर, बैट्री सहित हजारों का सामान जलकर राख हो गया।

सूचना पर घरवालों ने दुकान पर जाकर देखा तो दुकान जल रही थी। दुकान मालिक ने फायर ब्रिगेड को फोन किया, जब तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची तब तक दुकान का सारा सामन जल चुका था। पीड़ित ने पुलिस को रंजिशन आग लगाए जाने की तहरीर दी है।



अलीगंज में आग से जला दुकान का सामान। ● अमृत विचार

